द रेड स्टार न्यूज
को अनुभवी संवाददाता एवं प्रतिनीधि की आवश्यकता है, इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें
9987585870
vinod143singh@gmail.com

# द रेड स्टार न्यूज़

महाराष्ट्र, गुजरात, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, दिल्ली में एक साथ प्रसारित...

आपका अधिकार खबरों के रूप में

RNI. NO. MAHHIN/2010/35947 website : www.theredstarnews.com P.RN.NO.:THW/156/2018-2020

मानव अधिकार से संबंधित किसी भी समस्या के समाधान एवं सदस्यता ग्रहण करने के लिए संपर्क करें
मानवाधिकार फाउंडेशन
Mob.: 9987585870
Email: nhrf_india@yahoo.com

संपादक- विनोद कुमार सिंह वर्ष- 14 अंक- 30 सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त 21 जून से 27 जून 2023 पेज-8 ₹ 2/-

## गीताप्रेस को गांधी शांति पुरस्कार




**नई दिल्ली,** केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने गीता प्रेस को गांधी शांति पुरस्कार देने पर कांग्रेस की आलोचना पर निशाना साधते हुए कहा कि मुस्लिम लीग को एक धर्मनिरपेक्ष संगठन मानने वालों को छोड़कर किसी को भी इससे कोई आपत्ति नहीं है। गोरखपुर स्थित प्रसिद्ध गीता प्रेस को साल 2021 का गांधी शांति पुरस्कार दिए जाने के एलान के साथ ही अब इस पर सियासत शुरू हो गई है। एक ओर, कांग्रेस पार्टी ने गीता प्रेस को गांधी शांति पुरस्कार दिए जाने के आदेश के बाद सवाल उठाया तो भाजपा ने भी तुरंत पलटवार किया। भाजपा ने आलोचना करने को लेकर सोमवार को कांग्रेस को आड़े हाथों लिया और आरोप लगाया कि विपक्षी पार्टी गीता प्रेस से इसलिए नफरत करती है,क्योंकि वह सनातन धर्म का संदेश फैला रहा है। गीता प्रेस को यह पुरस्कार अहिंसक और अन्य गांधीवादी तरीकों से सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक परिवर्तन की दिशा में उत्कृष्ट योगदान के लिए दिया जाएगा। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने सोमवार को गीता प्रेस को गांधी शांति पुरस्कार देने पर कांग्रेस की आलोचना पर निशाना साधते हुए कहा कि मुस्लिम लीग को एक धर्मनिरपेक्ष संगठन मानने वालों को छोड़कर किसी को भी इससे कोई आपत्ति नहीं है। सिंह ने नई दिल्ली में भाजपा मुख्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन में सवालों के जवाब में कहा, गीता प्रेस भारत की संस्कृति, हमारे लोकाचार और हिंदू विश्वास से जुड़ा हुआ है और यह किफायती साहित्य का निर्माण करती है। जो हर घर तक पहुंचता है। जयराम रमेश की टिप्पणी के बारे में पूछे जाने पर सिंह ने कहा, और, आरोप लगाने वाले कौन हैं? वे हैं जो कहते हैं कि मुस्लिम लीग धर्मनिरपेक्ष थी।

# जिसे चीन से प्यार

## उसके साथ दोस्ती से भारत का इनकार

**दिल्ली,** यूक्रेन पर रूसी हमले के बाद भारत अंतरराष्ट्रीय कूटनीति के केंद्र में है। हम इस साल जी-20 की मेजबानी कर रहे हैं तो दिल्ली खास फोकस में है। सालभर के भीतर दो ऐसे मौके आए, जब लगा कि क्या तीसरा विश्व युद्ध शुरू हो जाएगा? वैसे न्यूज के लिहाज से ये आशंका ज्यादा छाई रहती है, लेकिन कई बार जमीनी हकीकत भी इस तरफ इशारा करती है। पुतिन तो खुलेआम धमकी दे चुके हैं। उधर चीन ने ताइवान को घेर कर जो मिलिट्री ड्रिल किया उसने भी भारत को फोकस में लाकर रख दिया। फिलहाल यूरोप और अमेरिका, दो महाशक्तियों से लड़ रहे हैं- रूस और चीन। रूस के साथ इनका हथियारों से जंग नहीं चल रहा बाकी आर्थिक-कूटनीतिक-सैनिक प्रतिबंधों समेत सारे हथियार चलाए जा रहे हैं। उधर चीन के साथ यूरोप और अमेरिका दोनों शीत युद्ध लड़ रहे हैं। इंडो-पैसिफिक में समुद्र की लहरों के बीच चीन और अमेरिका के जंगी जहाजों में कब टक्कर हो जाए, कहना मुश्किल है। ताइवान की खाड़ी में पिछले दस दिनों के भीतर दो बार ऐसा होते-होते बचा है। अमेरिकी डिस्ट्रॉयर या विध्वंसक जंगी जहाज चुंग हून (US Destroyer Chung-Hoon) पेट्रोलिंग पर था और बहुत तेजी से चीनी नौसेना का जहाज ओवरटेक करते हुए निकल गया। यूएस कमांड ने चेतावनी दी तो चीन ने भी चेतावनी दे दी। उधर कनाडा, ब्रिटेन और जर्मनी जैसे यूरोपीय देश भी चीन के रवैये से परेशान हैं लेकिन आर्थिक जरूरतों के चलते ब्रेक-अप के मूड में नहीं हैं। ऐसी स्थिति में इकॉनमिक और स्ट्रैटिजिक नजरिए से हमारा देश अहम हो जाता है। जिस इलाके में अमेरिका उलझा



हुआ है उसका नाम ही इंडो-पैसिफिक है जिसे हिंदी में हिंद-प्रशांत क्षेत्र कहते हैं। इसके अलावा हम वो हैं जिसकी 3,488 किलोमीटर लंबी सीमा चीन से लगती है। हम वो हैं जो डोकलाम से गलवान तक चीन का जवाब उसकी भाषा में देते हैं। हम इंडो-पैसिफिक के 16 देशों के साथ कैसे रिश्ते रखते हैं, ये आपने हाल ही में देखा होगा। पापुआ न्यू गिनी में नरेंद्र मोदी का जिस तरह स्वागत हुआ और वहां के पीएम ने जिस तरह नरेंद्र मोदी के पांव छू लिए, ये हमारी सांस्कृतिक ताकत को दिखाता है। तो स्वाभाविक है कि अमेरिका और यूरोप इस बात पर ध्यान न दें कि हमारे रिश्ते रूस के साथ अच्छे क्यों हैं? चीन पर ही फोकस रखें तो इसी में हमारा और उनका, दोनों का भला होगा। इसी के मद्देनजर हाल ही में आए दो रक्षा मंत्रियों के दिल्ली दौरे की चर्चा करूंगा। अमेरिका से लॉयड ऑस्टिन आए तो रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के गले लग गए। उनके जाते ही जर्मनी के रक्षा मंत्री बोरिस पिस्टोरियस दिल्ली पहुंचे।

## जयशंकर ने राजदूतों को सरकार की गिनाई उपलब्धियां

**नई दिल्ली,** विदेश मंत्री ने कहा कि उन्होंने इस अवधि में भारतीय विदेशी नीति की महत्वपूर्ण उपलब्धियों के रूप में बढ़ी हुई सुरक्षा, मजबूत अर्थव्यवस्था, सक्षम मानव संसाधन, उन्नत तकनीक, विदेश में भारत के लिए समर्थन और सांस्कृतिक रूपरेखा पर प्रकाश डाला। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सोमवार को यहां विभिन्न देशों के राजदूतों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार के बीते नौ साल की उपलब्धियों की जानकारी दी। भारत में मिशन प्रमुखों के साथ जयशंकर की बैठक में वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल भी शामिल हुए। मिशन प्रमुखों के साथ बैठक के बाद जयशंकर ने ट्वीट कर इसकी जानकारी दी। विदेश मंत्री ने कहा कि उन्होंने इस अवधि में भारतीय विदेशी नीति की महत्वपूर्ण उपलब्धियों के रूप में बढ़ी हुई सुरक्षा, मजबूत अर्थव्यवस्था, सक्षम मानव संसाधन, उन्नत तकनीक, विदेश में भारत के लिए समर्थन और सांस्कृतिक रूपरेखा पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, विश्वास है कि रणनीतिक स्पष्टता, नतीजों पर ध्यान और मानव केंद्रित दृष्टिकोण की यह मानसिकता भविष्य में राष्ट्र के हितों को आगे बढ़ाएगी।

## एलन मस्क समेत 24 दिग्गजों से मिलेंगे मोदी



**नई दिल्ली,** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 20 जून से 24 जून तक अमेरिका दौरे पर हैं। पीएम मोदी के इस दौरे को दोनों देशों के बीच के द्विपक्षीय रिश्ते के लिए बेहद अहम माना जा रहा है। गौरतलब है कि पीएम मोदी के चार दिवसीय दौरे में दोनों देशों के बीच कई अहम समझौते होंगे। अपनी इस यात्रा के दौरान पीएम मोदी लगभग 24 लोगों से मुलाकात करेंगे। पीएम मोदी अपनी अमेरिका यात्रा के दौरान टेस्ला के सह-संस्थापक एलन मस्क, एस्ट्रोफिजिसिस्ट नील डेग्रसे टायसन, ग्रैमी पुरस्कार विजेता भारतीय-अमेरिकी गायक फालू (फाल्गुनी शाह), पॉल रोमर, नसीम निकोलस तालेब, रे डालियो, जेफ स्मिथ, माइकल फ्रोमैन डेनियल रसेल, एलब्रिज कोल्बी, डॉ. पीटर आग्रे, डॉ, स्टीफन क्लास्को और चंद्रिका टंडन से मुलाकात करेंगे। अपने अमेरिका दौरे में पीएम मोदी इन हस्तियों से बातचीत करके दोनों देशों के बीच आपसी सहयोग मजबूत करने को लेकर भी चर्चा करेंगे। यह सभी अपने-अपने क्षेत्र के महान दिग्गज है। इसमें नोबेल पुरस्कार विजेता, अर्थशास्त्री, कलाकार, वैज्ञानिक, विद्वान, उद्यमी, शिक्षाविद, स्वास्थ्य क्षेत्र के विशेषज्ञ आदि शामिल हैं। माना जा रहा है कि मुलाकात के बाद पीएम मोदी इन सभी दिग्गजों को भारत आमंत्रित भी कर सकते हैं। इस खबर में हम आपको इन दिग्गजों के बारे में बताएंगे कि आखिर कौन व्यक्ति किस क्षेत्र में उपलब्धि हासिल कर चुके हैं और यह किस तरह से भारत के लिए अहम हैं। अपने अमेरिका दौरे पर पीएम मोदी टेस्ला के सीईओ और ट्विटर के मालिक एलन मस्क से मुलाकात करेंगे। इससे पहले साल 2015 में दोनों की मुलाकात हुई थी।

## हजारों लोग भगवान जगन्नाथ के 'नबजौबन दर्शन' के साक्षी बने

**ओडिशा,** श्री जगन्नाथ मंदिर प्रशासन के मुख्य प्रशासक रंजन कुमार दास ने संवाददाताओं को बताया कि टिकट खरीदने वाले लगभग 7,000 श्रद्धालुओं को 'नबजौबन दर्शन' के लिए मंदिर में प्रवेश करने का अवसर मिला। उन्होंने कहा कि आम जनता को बाद में सुबह 11 बजे तक देवताओं के दर्शन करने की अनुमति दी गई। हजारों भक्तों ने सोमवार को यहां पुरी श्रीमंदिर में 'नबजौबन दर्शन' के अवसर पर देवताओं - भगवान बलभद्र, देवी सुभद्रा और भगवान जगन्नाथ के दर्शन किए। एसजेटीए द्वारा निर्धारित समय से 45 मिनट पहले सुबह आठ बजे के बजाय 7.15 बजे शुरू हुआ। एसजेटीए अधिकारी ने यह जानकारी दी। एसजेटीए के मुख्य प्रशासक रंजन कुमार दास ने संवाददाताओं को बताया कि टिकट खरीदने वाले लगभग 7,000 श्रद्धालुओं को नबजौबन दर्शन के लिए मंदिर में प्रवेश करने का अवसर मिला।उन्होंने कहा कि आम जनता को बाद में सुबह 11 बजे तक देवताओं के दर्शन करने की अनुमति दी गई। उन्होंने बताया कि मंगलवार को होने वाले प्रसिद्ध रथ यात्रा के मद्देनजर अनुष्ठान के लिए मुख्य मंदिर के कपाट बंद कर दिए गए। नबजौबन



दर्शन का अर्थ है देवी-देवताओं के युवा रूप का दर्शन। 'स्नान पूर्णिमा' के बाद देवी-देवताओं को 15 दिन के लिए अलग कर दिया जाता है। इसे अनासारा कहा जाता है। पौराणिक मान्यता है कि स्नान पूर्णिमा को अधिक स्नान करने से देवी-देवता बीमार हो जाते हैं और आराम करते हैं।नबजौबन दर्शन से पहले पुजारी विशेष अनुष्ठान करते हैं जिसे 'नेत्र उत्सव' कहा जाता है। इस दौरान देव प्रतिमाओं की आंखों को नए सिरे से पेंट किया जाता है। रंजन कुमार दास ने कहा कि देवताओं के दर्शन के लिए इंतजार कर रहे भक्तों को मंदिर के अंदर या बाहर कोई परेशानी नहीं हुई क्योंकि उनके लिए विशेष व्यवस्था की गई थी।

## महाराष्ट्र में ठेकेदारों ने मजदूरों से की बर्बरता

**मुंबई,** उस्मानाबाद के ढोकी पुलिस थाना क्षेत्र के खमसवाडी और वाखरवाडी गांव में दो-तीन महीने पहले ठेकेदारों ने कुंआ खोदने के लिए इन मजदूरों को तैनात किया था। इस दौरान सभी मजदूरों को बंधक बनाकर उन्हें रोजाना प्रताड़ित भी किया जाता था। महाराष्ट्र के उस्मानाबाद जिले में कुंआ खोदने के काम में लगाए गए 11 मजदूरों को ठेकेदारों ने जंजीरों से बांधकर रखा था। पुलिस ने उन सभी 11 मजदूरों को सुरक्षित बचा लिया है। मजदूरों ने ठेकेदारों द्वारा किए गए इस बर्बरता की आपबीती सुनाई। उन्होंने कहा कि उन्हें 12 घंटे रोजाना काम करने के लिए कहा गया था। इस दौरान उन्हें एक रुपये भी नहीं दिया जाता था। खाना भी उन्हें सिर्फ एक समय ही दिया जाता था, जिस कुंए में वो काम करते थे वहीं उन्हें नित्यक्रिया करने के लिए कहा गया था। एक अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने इस मामले में अबतक चार लोगों को गिरफ्तार किया है, जिसमें दो कॉन्ट्रैक्टर भी शामिल है। उस्मानाबाद के ढोकी पुलिस थाना क्षेत्र के खमसवाडी और वाखरवाडी गांव में दो-तीन महीने पहले ठेकेदारों ने कुंआ खोदने के लिए इन मजदूरों को काम पर लगाया गया था। इस दौरान सभी मजदूरों को बंधक बनाकर उन्हें रोजाना प्रताड़ित भी किया जाता था। उनमें से एक मजदूर किसी तरह भागने में सफल रहा। हिंगोली जिले में पहुंच कर उसने स्थानीय पुलिस स्टेशन में जाकर ठेकेदारों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई।

## क्रूज पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए ई-वीजा सुविधा की तैयारी

**मुंबई,** केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री राजकुमार रंजन सिंह ने सोमवार को कहा कि दुनियाभर के विभिन्न सर्वेक्षणों से पता चलता है प्राथमिक विद्यालयों में छात्रों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा मूलभूत साक्षरता और संख्यात्मक कौशल हासिल करने के लिए संघर्ष कर रहा है। केंद्रीय मंत्री जी किशन रेड्डी ने सोमवार को कहा कि केंद्र सरकार बंदरगाहों के आधुनिकीकरण, बंदरगाह शुल्क को तर्कसंगत बनाने और भारत में क्रूज पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए ई-वीजा सुविधाएं देने पर काम कर रही है। रेड्डी चौथे पर्यटन समूह की बैठक के हिस्से के रूप में गोवा की राजधानी में आयोजित एक आयोजन में जी-20 प्रतिनिधियों को संबोधित कर रहे थे। रेड्डी ने कहा, पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 2014 से भारत में क्रूज पर्यटन को विकसित करने के लिए नए सिरे से प्रयास किए गए हैं। केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री राजकुमार रंजन सिंह ने सोमवार को कहा कि



दुनियाभर के विभिन्न सर्वेक्षणों से पता चलता है प्राथमिक विद्यालयों में छात्रों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा मूलभूत साक्षरता और संख्यात्मक कौशल हासिल करने के लिए संघर्ष कर रहा है। मंत्री ने यहां चौथे और अंतिम जी-20 शैक्षिक कार्यसमूह (डीडीडब्ल्यूजी) की बैठक में कहा हमारी नई शिक्षा प्रणाली का जोर रचनात्मक पक्ष पर है।

## प्रधानमंत्री ने भारतीय संस्कृति और परंपराओं को वैश्विक स्तर तक पहुंचाया: अमित शाह

**अहमदाबाद।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के माध्यम से भारतीय संस्कृति और परंपराओं को वैश्विक स्तर तक पहुंचाया है। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री मोदी बुधवार को न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय के लॉन में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस समारोह में शामिल होंगे। शाह ने यहां एक सभा को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने योगाभ्यास को जन आंदोलन बना दिया है जिसने कई लोगों को लाभ पहुंचाया है। उन्होंने कहा कि मोदी किसी देश के पहले राष्ट्र प्रमुख बन गये हैं जो संयुक्त राष्ट्र में योग दिवस समारोह की अगुवाई करेंगे। अहमदाबाद के शिलाजी इलाके के पास एक सार्वजनिक उद्यान का उद्घाटन करने के बाद शाह ने कहा प्रधानमंत्री मोदी ने योग दिवस के माध्यम से भारतीय संस्कृति और परंपराओं को पूरी दुनिया में पहुंचाया। पूरी दुनिया ने योग अपनाया है और योग दिवस 21 जून को 170 देशों में मनाया जाता है। अहमदाबाद शहर शाह के गांधीनगर



संसदीय क्षेत्र में आता है। उन्होंने कहा हमारे पुरातन अनुसंधानों में सिद्ध हुआ है कि अगर हम नियमित योग करें तो हमें दवाओं की जरूरत नहीं पड़ेगी। नरेन्द्रभाई ने इस प्राचीन ज्ञान को जन आंदोलन में बदल दिया और लोगों को इस तरह की जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। इस विधा ने अनेक लोगों के जीवन को बदल दिया है। इससे पहले, शाह ने जगतपुर इलाके में एक रेलवे ओवरब्रिज और न्यू रानिप में एक सार्वजनिक उद्यान का उद्घाटन किया।

## विदेश में छिपकर बैठे आतंकियों का सफाया


**नई दिल्ली,** कनाडा में खालिस्तान टाइगर फोर्स का सरगना हरदीप सिंह निज्जर मारा गया है। यह पहला मौका नहीं है कि भारत में वांछित कई आतंकी विदेशी धरती पर गोलियों का निशाना बने हैं। कनाडा में केटीएफ का सरगना हरदीप सिंह निज्जर मारा गया है। यह पहला मौका नहीं है कि भारत में वांछित कई आतंकी विदेशी धरती पर गोलियों का निशाना बने हैं।

इससे पहले, भारत से भागकर पाकिस्तान, कनाडा और दूसरे देशों में छिपने वाले कई आतंकियों का खात्मा हो चुका है, जो देश के लिए राहत की बात है। इस सूची में ज्यादातर वे आतंकी हैं जिन्हें गैरकानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम (यूएपीए), 2020 के तहत व्यक्तिगत आतंकवादी घोषित किया गया था। निज्जर की हत्या से चार दिन पहले ब्रिटेन के एक अस्पताल में केएलएफ के आतंकी अवतार खांडा की रहस्यमयी हालत में मौत हो गई थी। इससे पहले पिछले साल 14 जुलाई को कनाडा में रिपुदमन सिंह मलिक की हत्या हुई थी।

## सड़क बनाने की रफ्तार हुई तेज मई में 1465 किमी हुआ निर्माण

**नई दिल्ली,** पिछले साल सड़क निर्माण में लक्ष्य से पिछड़ने के बाद सड़क परिवहन मंत्रालय ने इस वित्तीय वर्ष में पहले से चल रही परियोजनाओं और नए प्रोजेक्टों को समय पर पूरा करने के लिए काम की रफ्तार तेज कर दी है। इस चुनावी साल में सड़क परियोजनाओं पर कोई कसर न छोड़ने के लिए एनएचएआइ को रिकार्ड रफ्तार से काम करने के लिए कहा गया है ताकि इस साल दिसंबर तक लगभग सभी अहम परियोजनाओं को पूरा किया जा सके। इसकी बानगी मई माह में देखने को मिली जब 1465 किलोमीटर सड़क का निर्माण किया गया।

मंत्रालय ने इस वर्ष दिसंबर तक अपने कुल बजट की 91 प्रतिशत धनराशि खर्च करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय को मौजूदा वित्तीय वर्ष में 2.58 लाख करोड़ रुपये आवंटित किए गए थे। मंत्रालय के अधिकारियों के अनुसार पिछले हफ्ते प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई इन्फ्रा परियोजनाओं की समीक्षा बैठक में सड़क परियोजनाओं को तेजी से पूरा करने का निर्देश दिया गया। इसके बाद काम की रफ्तार और तेज होने के आसार हैं। अप्रैल महीने में केवल 523 किलोमीटर सड़क का निर्माण हुआ था, जिसके बाद यह सवाल खड़े होने लगे थे कि इस



बार भी पिछले साल की तरह सड़क निर्माण का लक्ष्य अधूरा रह सकता है। गौरतलब है कि पिछली बार मंत्रालय ने 12500 किलोमीटर सड़क निर्माण का लक्ष्य निर्धारित किया था, लेकिन केवल 10993 किमी सड़क ही बन सकी थी।

अधिकारियों के अनुसार इस बार सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने एक अन्य बैठक में एक दिन में 60 किलोमीटर सड़क बनाने का रिकार्ड स्थापित करने का लक्ष्य रखा है। पिछले लगभग एक माह में जिस तरह सड़क परियोजनाओं का टेंडर देने और निर्माण की रफ्तार तेज हुई है, उससे मौजूदा साल की परियोजनाएं दिसंबर तक पूरी हो सकती हैं।

संपादकीय

## कांग्रेस की तरफ वापस लौट रहे हैं मुस्लिम वोटर



**देश** में ब्रिटिश काल के दौरान हुए चुनावों में जिन्ना की पार्टी मुस्लिम लीग के आक्रामक प्रचार अभियान के बावजूद भी मुस्लिम वोटरों का एक बड़ा तबका कांग्रेस को ही वोट दिया करता था। 1947 में देश आजाद हुआ। जिन्ना की मुस्लिम लीग को पाकिस्तान मिल गया लेकिन आजादी के बाद के शुरुआती दशकों में हुए चुनावों में मुसलमानों ने पूरी तरह से कांग्रेस को ही वोट किया। कांग्रेस ने ब्राह्मण सहित कई अगड़ी जातियों, मुसलमानों और दलितों के बड़े वोट बैंक के आधार पर दशकों तक देश पर राज किया। 1967 में विपक्षी दलों की गोलबंदी के कारण कई राज्यों में कांग्रेस को हार का सामना करना पड़ा। आपातकाल के बाद 1977 में हुए लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को पहली बार केंद्र की सत्ता से बाहर होना पड़ा। लेकिन सही मायनों में कांग्रेस के कमजोर होने की शुरूआत 1990 के दशक में ही शुरू हुई। जब मुसलमान वोटरों ने जेपी के आंदोलन से निकले और आगे चलकर मंडल की राजनीति के पुरोधा बने मुलायम सिंह यादव और लालू यादव को अपना नेता मान कर, उन्हे वोट देना शुरू किया। मुस्लिम वोटर पहले जनता दल के खाते में गए और जैसे-जैसे जनता दल से टूटकर नए-नए दल बनते चले गए वैसे-वैसे मुस्लिम वोटर भी उनके साथ जुड़ते चले गए। इसके बाद दलित वोटर भी कांग्रेस का साथ छोड़कर बसपा के साथ चले गए। बसपा ने कांशीराम के जमाने में देश की राजनीति में सबसे पहला धमाका पंजाब में किया और उसके बाद देश के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश की राजनीति में आकर जम गई। आज भी अपने सबसे मजबूत गढ़ उत्तर प्रदेश में कमजोर होने और लगातार चुनाव हारने के बावजूद लोकसभा में बसपा के 10 सांसद है। सबसे बड़ी बात यह है कि उत्तर प्रदेश के अलावा बसपा देश के जिस राज्य में भी चुनाव लड़ती है, वहां भी उसे 5 से 8 फीसदी वोटरों का वोट मिलता है जो आमतौर पर दशकों तक कांग्रेस को वोट करता रहा है। कांग्रेस के लगातार कमजोर होने और दिशाहीन होते चले जाने के बाद सबसे आखिर में ब्राह्मण वोटरों ने भी उनका साथ छोड़ दिया। लेकिन अब ऐसा लग रहा है कि कई वजहों से धीरे-धीरे कांग्रेस फिर से अपने पुराने वोट बैंक को लुभाती नजर आ रही है। सबसे पहले बात देश के एक बड़े वोट बैंक की करते है जिसके बारे में यह माना जाता है कि वो थोक में एक साथ वोट करते हैं-मुस्लिम वोटर। देश की तेजी से बदल रही राजनीतिक स्थिति के मद्देनजर अब ऐसा दिखाई दे रहा है कि देश के वोटरों का अब क्षेत्रीय दलों से मोहभंग होता जा रहा है और मुस्लिम वोटर एक बार फिर से कांग्रेस का हाथ थामने की ओर तेजी से बढ़ रहे हैं।


# AI के बढ़ते प्रयोग से नियामक बनाने को गम्भीर हुई सरकार

**देश-दुनिया** में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी एआई के बढ़ते प्रयोग से उतपन्न होने वाली कतिपय व्यक्तिगत और सांस्थानिक चुनौतियों से जुझने के लिए केंद्र सरकार अब सतर्क हो चुकी है। वह इस बारे में शीघ्र ही समुचित नियामक बनाने की तैयारी कर रही है, ताकि एआई से जुड़ी दो बड़ी चुनौतियों- निजता को खतरा और सुरक्षा के डर का कुशलता पूर्वक सामना किया जा सके। केंद्र सरकार ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता यानी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को नियंत्रित करने के लिए कुछ खास नियम कायदे बनाने की पहल की है। इस बारे में बताते हुए केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री राजीव चन्द्रशेखर ने कहा कि सरकार जल्द ही कृत्रिम बुद्धिमत्ता यानी एआई के नियंत्रित इस्तेमाल को लेकर नए नियम लाएगी, जिससे सरकार एआई को रेगुलेट कर सकेगी। उन्होंने कहा, सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए नियम बनाएगी कि यह डिजिटल नागरिकों को नुकसान न पहुंचाए। इस हेतु डिजिटल इंडिया बिल पर हितधारकों के साथ विचार विमर्श इसी माह यानी जून 2023 में शुरू होगा। वहीं, नया पर्सनल डाटा प्रोटेक्शन बिल भी जल्द ही संसद में पेश होगा। यानी शीतकालीन सत्र में इसके पेश होने के आसार प्रबल हैं।

केंद्रीय राज्यमंत्री ने ठीक ही कहा है कि इंटरनेट पर विषाक्तता और अपराधों में काफी वृद्धि हुई है। लेकिन सरकार डिजिटल नागरिकों को नुकसान पहुंचाने के प्रयासों को सफल नहीं होने देगी। वहीं उन्होंने यह भी साफ कर दिया कि फिलहाल एआई से नौकरियों पर कोई खतरा नहीं है। एआई कामकाज को बेहतर बनाने के लिए है, पर ऐसी स्थिति से निपटने में सक्षम नहीं है जहां तर्क और बुद्धिमत्ता की आवश्यकता हो।

उल्लेखनीय है कि 85 करोड़ भारतीय इंटरनेट का उपयोग करते हैं, जिनके 2025 तक 120 करोड़ तक पहुंचने की उम्मीद है। ऐसे में उनके निजता को खतरा पहुंचाने और सुरक्षा के डर को लेकर सरकार सतर्क है। इस बारे में वह अपने वैश्विक प्रतिस्पर्धियों के नियम-कानून पर भी गौर कर रही है, ताकि भारतीय नियम-कानूनों में कोई कमी नहीं रह जाए। उल्लेखनीय है कि कुछ दिनों पूर्व बग के कारण चैटजीपीटी की सर्च हिस्ट्री लीक हुई थी, जिसे निजता को खतरा के रूप में लिया जा रहा है और समझा जाता है कि ऐसा खतरा आगे भी बना रहेगा। वहीं एआई के जानकार बताते हैं कि अभी एआई को दी जाने वाली कमांड फिक्स हैं, लेकिन आगे मानव रहित एआई आधारित रक्षा उपकरणों में गड़बड़ी हुई तो यह नई चुनौती होगी, जिससे पार पाने में यदि थोड़ी सी भी मुश्किल आई तो सुरक्षा का डर बना रहेगा। यही वजह है कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) को लेकर सरकार गम्भीर हो गई है। वहीं एआई के दृष्टिगत जहां अमेरिका में मौजूदा कानूनों का उपयोग किया जा रहा है तथा इसे और भी सख्त बनाने की योजना है। वहीं चीन में एआई के बारे में मसौदा तैयार हो रहा है। उसने एआई मॉडल निर्माण में उद्यमों का समर्थन करने की बात कही है। इधर, ब्रिटेन में एआई प्राधिकरण नया दिशानिर्देश तैयार करेगा और उपभोक्ताओं तथा व्यवसायों पर इसके प्रभाव की जल्द जांच करेगा। उधर, इजरायल ने एआई नीति पर मसौदा प्रकाशित किया और विभागों से जानकारी मांगी गई है। वहीं, इटली एआई प्लेटफॉर्म की समीक्षा करने और विशेषज्ञ नियुक्ति की योजना बनाई गई है। एक अध्ययन से पता चला है कि एआई पर दुनिया का भरोसा बढ़ा है। जिसके चलते वर्ष 2022 की तुलना में साल 2023 में दुनियाभर में एआई क्षेत्र पर 26.9 फीसदी अधिक खर्च होगा। अनुमान है कि वर्ष 2023 तक एआई क्षेत्र में कुल निवेश होने वाली रकम 300 अरब डॉलर के पार हो जाएगी। क्योंकि आर्थिक गतिविधियों में तेजी लाने के लिए एआई को सबसे बड़ा हथियार माना जा रहा है। यही वजह है कि अमेरिका, चीन, जापान, ब्रिटेन और कनाडा के बाद भारत इस क्षेत्र में तेजी से तरक्की कर रहा है और कृत्रिम बुद्धिमत्ता की दुनिया में वह एक नया केंद्र बनने की राह पर अग्रसर है। खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि भारत के तकनीकी पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ाने में एआई की क्षमता वास्तव में विशाल है, वह भी खासकर युवाओं के बीच। इसलिए हम उन सभी सहयोग का स्वागत करते हैं, जो हमारे नागरिकों को सशक्त बनाने में डिजिटल बदलाव को गति दे सकते हैं। वहीं, नीति आयोग का भी मानना है कि एआई देश की अर्थव्यवस्था का नया पहिया बनेगा। अनुमान है कि वर्ष 2035 तक एआई की मदद से हर साल अर्थव्यवस्था में 1.35 प्रतिशत की तेजी आएगी। जिसके दृष्टिगत चीन अपनी जीडीपी का 26 प्रतिशत तो ब्रिटेन 10 प्रतिशत एआई की मदद से जुटाएगा। वहीं अमेरिका के द ब्रुकिंग्स इंस्टीट्यूशन के अनुसार, एआई के इस्तेमाल और शोध क्षेत्र में भारत दुनिया के शीर्ष 10 देशों में शामिल है, जो इस क्षेत्र में लम्बी छलांग लगाने को तैयार है। वह 2022 में इस क्षेत्र में निवेश के मामले में पांचवें नम्बर पर था। उसके मुताबिक वर्ष 2022 में अमेरिका 47.36 बिलियन डॉलर के निवेश के साथ पहले स्थान पर था, जबकि चीन 13.41 बिलियन डॉलर का निवेश करके दूसरे स्थान पर काबिज हुआ। वहीं ब्रिटेन 4.37 बिलियन डॉलर के निवेश के साथ तीसरे स्थान पर, इजरायल 3.24 बिलियन डॉलर के निवेश के साथ चौथे स्थान पर और भारत 3.24 बिलियन डॉलर के निवेश के साथ पांचवें स्थान पर बना रहा। वहीं दुनियाभर में तकनीक पर नजर रखने वाली अमेरिकी संस्था इंटरनेशनल डाटा कारपोरेशन की रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2020 में भारत में एआई सॉफ्टवेयर का बाजार 276.75 करोड़ डॉलर था, जो 2025 तक बढ़कर 635.88 करोड़ डॉलर हो जाएगा।

**उल्लेखनीय है कि 85 करोड़ भारतीय इंटरनेट का उपयोग करते हैं, जिनके 2025 तक 120 करोड़ तक पहुंचने की उम्मीद है। ऐसे में उनके निजता को खतरा पहुंचाने और सुरक्षा के डर को लेकर सरकार सतर्क है।**



## रद्द हुआ नीतीश का तमिलनाडु दौरा

**पटना,** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का आज का तमिलनाडु का दौरा रद्द हो गया है। हालांकि उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव तिरुवरुर जिले में दिवंगत द्रमुक अध्यक्ष एम करुणानिधि के स्मारक के उद्घाटन में शामिल होंगे। दोनों नेता तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के निमंत्रण पर चेन्नई जाने वाले थे। इस कार्यक्रम के दौरान बिहार के मुख्यमंत्री को 'कलैगनार कोट्टम' का उद्घाटन भी करना था। लेकिन अब यह दौरा अचानक रद्द हो गया है। राज्य सरकार में जल संसाधन मंत्री संजय झा सीएम के प्रतिनिधि के तौर पर तेजस्वी के साथ चेन्नई रवाना हुए हैं। जानकारी के मुताबिक कार्यक्रम में अचानक ही बदलाव किया गया है। संजय झा और तेजस्वी के साथ स्टालिन को विपक्षी दलों की बैठक में शामिल होने का न्योता भी देंगे। हालांकि, 23 जून को पटना में होने वाले बैठक को लेकर नीतीश और स्टालिन की मुलाकात काफी अहम मानी जा रही थी। सूत्रों का दावा है कि स्टालिन और नीतीश के बीच कुछ मुद्दों को लेकर सहमति नहीं बन पाई है। यही कारण है कि स्टालिन ने पहले विपक्षी दलों की बैठक में सामिल होने से इनकार कर दिया था। यही कारण है कि बिहार के नेता तमिलनाडु दौरे पर रवाना हुए है। दोनों नेता एम करुणानिधि के स्मृति कार्यक्रम में शामिल होंगे। फिलहाल खबर यह है कि स्टालिन विपक्षी दलों की बैठक के लिए पटना आ रहे हैं। उनके अलावा कांग्रेस नेता राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे, पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी, दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल, एनसीपी नेता शरद पवार, समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव, झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन, शिवसेना (यूबीटी) के नेता उद्धव ठाकरे और कुछ और विपक्ष बैठक में शामिल होने के लिए नेताओं ने अपनी सहमति दे दी है।

## केंद्र के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन



**कर्नाटक,** कर्नाटक कांग्रेस ने राज्य को चावल उपलब्ध नहीं कराने का आरोप लगाते हुए केंद्र सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। बताया जा रहा है कि कांग्रेस ने राज्य की 'अन्ना भाग्य' योजना के लिए 'चावल से इनकार' करने के लिए भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के खिलाफ सभी जिला मुख्यालयों पर प्रदर्शन किया। इस योजना के जरिए गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले परिवारों के प्रत्येक सदस्य को 10 किलो चावल प्रदान किया जाना है। कर्नाटक के डिप्टी सीएम और कांग्रेस नेता डीके शिवकुमार ने मंगलवार को मीडिया से कहा कि हम कर्नाटक के लोगों के लिए प्रतिबद्ध हैं कि हम उन्हें 10 किलो मुफ्त चावल मुहैया कराएंगे। हमें चावल देना केंद्र सरकार का कर्तव्य है।

हम उन्हें पैसे दे रहे थे और वो देने को राजी हो गए लेकिन अब उन्होंने मना कर दिया है। उन्होंने कहा कि हम भाजपा की दोगली राजनीति के खिलाफ लड़ रहे हैं। हम दूसरे राज्यों से चावल खरीदेंगे और अपना चुनावी वादा पूरा करेंगे। कर्नाटक के मंत्री प्रियांक खड़गे ने कहा कि बीजेपी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार बदला ले रही है क्योंकि कर्नाटक के लोगों ने बीजेपी को वोट नहीं दिया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार हमें भारतीय खाद्य निगम से चावल नहीं खरीदने दे रही है। 12 जून को हमें 3600 रुपये प्रति क्विंटल पर 2.2 लाख मीट्रिक टन चावल खरीदने की अनुमति मिली थी, लेकिन 13 जून को एक नई अधिसूचना जारी की गई कि कर्नाटक सरकार चावल नहीं खरीद सकती और व्यापारियों को 3100 रुपये प्रति क्विंटल पर चावल दिया गया। पूर्व मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई, आर अशोक ने मंगलवार को बेंगलुरु में कर्नाटक सरकार के खिलाफ अपने विरोध प्रदर्शन के दौरान मीडिया को संबोधित किया। अन्ना भाग्य योजना को लागू करने के लिए चावल जारी करने से इनकार करने के लिए केंद्र के खिलाफ कांग्रेस के प्रदर्शन का मुकाबला करने के लिए भाजपा के विरोध की योजना बनाई गई थी।

## सशस्त्र बलों की तैनाती की याचिका पर तत्काल सुनवाई से कोर्ट का इनकार

**मणिपुर,** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि मणिपुर में हिंसा विशुद्ध रूप से कानून-व्यवस्था का मुद्दा है। इसके साथ ही कोर्ट ने कुकी लोगों की सुरक्षा के लिए राज्य में सशस्त्र बलों की तैनाती और हमलावरों पर मुकदमा चलाने का आदेश देने वाली याचिका पर तत्काल सुनवाई करने से इनकार कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हमें उम्मीद है कि सेना को तैनात करने के लिए अदालतों को आदेश पारित करने की आवश्यकता नहीं होगी। यह विशुद्ध रूप से कानून-व्यवस्था की समस्या है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और एमएम सुंदरेश की पीठ ने राज्य में जातीय हिंसा से संबंधित मामलों के एक समूह में एक आवेदन की तत्काल सुनवाई के अनुरोध को खारिज कर दिया। मई के पहले सप्ताह में शुरू हुए दो समुदायों के बीच हिंसक झड़पों में अब तक कम से कम 115 लोग मारे जा चुके हैं। एनजीओ मणिपुर ट्राइबल फोरम का प्रतिनिधित्व करते हुए वरिष्ठ अधिवक्ता कॉलिन गोंजाल्विस ने इस सप्ताह सुनवाई के लिए दबाव डालते हुए पीठ के समक्ष मामले का उल्लेख किया। उन्होंने दावा किया कि 17 मई को कोर्ट में हुई सुनवाई के बाद 70 आदिवासियों की हत्या कर दी गई।

## केरल सरकार और केलट्रॉन से रुख स्पष्ट करने को कहा

**कोच्चि।** केरल उच्च न्यायालय ने प्रदेश सरकार, केरल राज्य इलेक्ट्रॉनिक विकास निगम (केलट्रॉन) और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) वाले कैमरे स्थापित करने से जुड़ी कई निजी कंपनियों को मंगलवार को निर्देश दिया कि वे कांग्रेस के दो नेताओं की उस याचिका पर अपना रुख स्पष्ट करें जिसमें उन्होंने इस परियोजना को रद्द करने का आग्रह किया है। याचिका में 'सेफ केरल' परियोजना में भ्रष्टाचार का आरोप लगाया गया है। मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति एस. वेंकेटनारायण भट्टी और न्यायमूर्ति बसंत बालाजी की पीठ ने यह निर्देश भी दिया कि राज्य सरकार उससे आगे स्पष्टीकरण मांगे बिना या उसके अगले आदेश तक इस परियोजना के अंतर्गत वित्तीय भुगतान नहीं करे। अदालत ने राज्य सरकार, उसके परिवहन, वित्तीय और उद्योग विभागों, केलट्रॉन और कई कंपनियों को निविदा प्रक्रिया और कैमरों को लगाने के संदर्भ में नोटिस जारी किया। उच्च न्यायालय ने कांग्रेस के दो नेताओं वी सतीशन और रमेश चेन्निथला को भी निर्देश दिया कि वे 'भ्रष्टाचार को बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं करने' के अपने रुख के संदर्भ में एक अतिरिक्त हलफनामा दायर करें। सतीशन राज्य विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष हैं और चेन्निथला प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ नेता एवं केरल के पूर्व मंत्री हैं।

मालिक, मुद्रक व प्रकाशक : विनोद कुमार सिंह द्वारा एस. आर. प्रिंटिंग प्रेस, वैशाली नगर, दहिसर पूर्व, मुंबई 68 से मुद्रित किया तथा 09 विभाको बिल्डिंग, मामलेतदार वाडी,मालाड (पश्चिम), मुंबई 400 064 से प्रकाशित.
• संपादक- विनोद कुमार सिंह • प्रबंध संपादक : मोती रहमान शेख • सहायक संपादक : सुरेश पांढरे
+91-22 28881212 मो. 9987585870
Email-editor@theredstarnews.com, info@theredstarnews.com
RNI No.: MAHHIN/2010/35947
सभी विवादों के निपटारे के लिए न्याय क्षेत्र मुंबई होगा.
पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.
ठाणे कार्यालय :
डी-405, ओमसाईं इंक्लेव, को.हॉ.सो. पूनम सागर, मीरा रोड ( पूर्व ), ठाणे.
संपर्क- 9987585870 / 9820361619
vinod143singh@gmail.com

मानवाधिकार फाउंडेशन
मा.अखिलेश उपाध्याय
(एडवोकेट हाईकोर्ट)
कानूनी सलाह एवं कानूनी निपटारे के लिए संपर्क करें
09, विभाको बिल्डिग, मामलेतदार वाडी, मालाड (पश्चिम), मुंबई-400064.
मो. 9004102640-8693863320

द रेड स्टार न्यूज को
अनुभवी संवाददाता एवं विज्ञापन प्रतिनीधि
की आवश्यकता है
इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें
9987585870
vinod143singh@gmail.com

Dr.B.M.PAL
B.H.M.S., MD (AM)
PG-DCC, (GERMANY)
PHYSICIAN & CLINIC COSMETOLOGIST
SHREE SAI CLINIC
Timing: Morn. 09:30 am to 01:30 pm
Eve. 5.30 pa to 10.30
Shop No.004, Vaibhav Darshan, Near ST.THOMOS CHURCH, Sai Baba Nagar, Mira Road (E), Mob.: 9324771128

अखंड राष्ट्रवादी श्रमिक चित्रपट सेना
ए.एल.सी./ का.-17-11168
फिल्म कामगारों के हक के लिए लड़ने वाला सवोच्च संगठन
सदस्यता ग्रहण करने के लिए संपर्क करें
7705858700

आवश्यकता है ...
भारत के सभी राज्यों एवं जिलों से अनुभवी पत्रकार एवं विज्ञापन प्रतिनिधि सम्पर्क करें.
+91 9987585870

आवश्यक सूचना
पाठकों को सूचित किया जाता है कि द रेड स्टार न्यूज के नाम पर अगर कोई भी व्यक्ति अगर किसी भी तरह का व्यवहार करता है तो इसकी पुष्टि के लिए इस नंबर पर संपक कर लें.
9820361619

महादेव दूध डेरी व स्वीट हाउस
हमारे यहां सुबह-शाम दूध लिया व दिया जाता है
मिठाई, दही, देशी घी, लस्सी, सफल मटर, पनीर, छेना, मशरूम, खोवा, कोल्डड्रिंक्स, मिनरल वाटर भी मिलता है
ऑर्डर देने पर बर्थडे केक भी मिलता है

प्रो. अशोक पाल : 8756685845
पता- खोईरी इंटर कॉलेज (डिहवा) के पास, बरसठी बंधवा रोड, बरसठी, जौनपुर

## पूर्वांचल एक्सप्रेसवे अंडरपास के पास
# बस और ट्रक में टक्कर



**आजमगढ़,** आजमगढ़ के बिलरियागंज थाना के सियरहा से पहले पूर्वांचल एक्सप्रेस वे के अंडरपास के पास शनिवार को दिन में ट्रक और प्राइवेट बस की टक्कर में 20 यात्री घायल हो गए। घटना के बाद अफरा-तफरी मच गई। बताया जा रहा है कि बस यात्रियों को भरकर आजमगढ़ से बिलरियागंज की तरफ जा रही थी और ट्रक भी सामने से आ रहा था। इसी दौरान ट्रक और बस की साइड में टक्कर हो गई। ट्रक बस की साइड की तरफ के बीच में टक्कर मार दिया। इस दौरान जहां बस क्षतिग्रस्त हो गई, वहीं जिस साइड से ट्रक ने टक्कर मारा था उधर बैठे यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों की मदद से राहत कार्य शुरू किया गया। लोगों को बाहर निकाला गया ।कई लोग घायल थे। एक महिला यात्री की बस में ही मौत हो गई थी। सभी लोगों को एंबुलेंस से जिला अस्पताल भेजा गया। बताया जा रहा है कि हादसे के बाद ट्रक चालक बगल में जा रही पिकअप के ऊपर कूद कर फरार हो गया वहीं ट्रक पर सवार खलासी लोगों के हत्थे चढ़ गया। पुलिस शव को कब्जे में ले ली। हादसे की शिकार बस व ट्रक के संचालकों से संपर्क साधने की कोशिश की जा रही थी। ट्रक बस की साइड की तरफ के बीच में टक्कर मार दिया। इस दौरान जहां बस क्षतिग्रस्त हो गई। वहीं जिस साइड ट्रक ने टक्कर मारा था उधर बैठे यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों की मदद से राहत कार्य शुरू किया गया।

# गीता प्रेस को पुरस्कार
## मतलब गोडसे और सावरकर को सम्मान



**गोरखपुर,** गीता प्रेस गोरखपुर को गांधी शांति पुरस्कार से सम्मानित किए जाने की घोषणा पर राजनीति गरमा गई है। पीएम नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाली कमिटी ने गांधी शांति पुरस्कार 2021 के लिए गीता प्रेस गोरखपुर के चयन की घोषणा की। इसके बाद संस्कृति मंत्रालय की ओर से इसके बारे में जानकारी दी गई। पुरस्कार की घोषणा होने के बाद गीता प्रेस बोर्ड ने पुरस्कार को स्वीकार करने की भी घोषणा कर दी है। अब तक संस्था की ओर से कोई भी सम्मान नहीं स्वीकार करने की परंपरा थी। पहली बार परंपरा टूट रही है। इसे सनातन के सम्मान के रूप में पेश किया गया। वहीं, इस मामले पर कांग्रेस नेता जयराम रमेश का ऐसा बयान सामने आया है, जिस पर विवाद छिड़ गया है। उन्होंने गीता प्रेस के सम्मान को गोड्से और सावरकर के सम्मान से जोड़ा। अब इस मसले पर जयराम रमेश पार्टी में घिरते दिख रहे हैं। वहीं, भारतीय जनता पार्टी भी हमलावर हो गई है।

गोरखपुर के सांसद रवि किशन ने जयराम रमेश के बयान पर कांग्रेस को घेर लिया है। जयराम रमेश ने ट्वीट कर गीता प्रेस गोरखपुर को गांधी शांति सम्मान से सम्मानित करने की घोषणा पर करारा हमला बोला। ट्वीट में उन्होंने लिखा कि वर्ष 2021 के लिए गांधी शांति पुरस्कार गोरखपुर के गीता प्रेस को प्रदान किया गया है, जो इस साल अपना शताब्दी वर्ष मना रहा है। अक्षय मुकुल की ओर से इस संगठन पर वर्ष 2015 में एक बहुत ही बेहतरीन किताब लिखी गई है। इसमें महात्मा के साथ इसके संबंधों के बारे में पता चलता है। साथ ही, उनकी राजनीतिक, धार्मिक और सामाजिक एजेंडे पर संस्था के साथ चल रही लड़ाइयों का भी पता लगाता है। जयराम रमेश मोदी सरकार के निर्णय के संबंध में कहते हैं कि यह फैसला वास्तव में एक उपहास है। यह सावरकर और गोडसे को पुरस्कार देने जैसा है। गोरखपुर के सांसद रवि किशन ने जयराम रमेश के ट्वीट पर करारा हमला बोला है। उन्होंने कहा है कि कांग्रेस के लोगों की मानसिकता सिर्फ पाकिस्तान जैसी मानसिकता रखने वालों के वोट बैंक पर आधारित होती है। ऐसी मानसिकता के लोग सिर्फ तुष्टिकरण और इसी पर आधारित राजनीति करते हैं। मैं जयराम रमेश को बताना चाहता हूं कि गीता प्रेस एक ऐसी संस्था है, जिसके माध्यम से हम लोगों ने अपने घर में अपने बड़ों से संस्कार सीखे हैं। इसी गीताप्रेस की प्रशंसा महात्मा गांधी भी कर चुके हैं। उन्हीं के कहने पर आज तक गीता प्रेस ने किसी का विज्ञापन नहीं छापा। आप समाज में धार्मिक सामाजिक और समाज को अच्छा संदेश देने वाली संस्था पर सवाल उठा रहे हैं, जो आपकी छोटी मानसिकता को दर्शाता है। रवि किशन ने कहा कि मैं चाहता हूं कि आप और आप जैसे कांग्रेसी यहां आएं। मैं उन्हें अपने खर्चे से गीता प्रेस में छप रही पुस्तकों को दिखाना चाहता हूं और उसके विषय में बताना चाहता हूं। इससे आप यहां की सच्चाई और अच्छाई को जान सकेंगे। उन्होंने कहा कि आप जिस प्रदेश और जाति से आए आते हैं, वहां भी गीता प्रेस की पुस्तकें पढ़ी जाती हैं। आपके घरों में भी ऐसी बहुत सारी पुस्तकें होंगी, लेकिन आप लोगों की मानसिकता और आपके विचारों को क्या कहा जाए।

# आदिपुरुष के खिलाफ लखनऊ वाराणसी में बंपर बवाल निमार्ता के खिलाफ शिकायत



**वाराणसी,** आदिपुरुष फिल्म को लेकर बढ़ते विवाद के बीच लोगों के एक समूह ने वाराणसी में विरोध प्रदर्शन किया और फिल्म के पोस्टर फाड़ दिए जबकि हिंदू महासभा ने सोमवार को इसके निर्माताओं के खिलाफ लखनऊ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। समाजवादी पार्टी ने कहा कि श्रद्धालु फिल्म के सस्ते और सतही संवादों से आहत हैं और फिल्म एक एजेंडे का हिस्सा थी। फिल्म आदिपुरुष के अमर्यादित संवाद और चरित्र चित्रण को लेकर एक हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं ने वाराणसी के सिगरा स्थित आईपी मॉल पर विरोध प्रदर्शन किया और फिल्म के पोस्टर फाड़ डाले। वहीं दूसरी तरफ राजधानी लखनऊ में हिंदू महासभा के पदाधिकारियों ने हजरतगंज थाने में तहरीर देकर फिल्म के अभिनेताओं, निर्माता और निर्देशक के खिलाफ प्राथमिकी पंजीकृत दर्ज करने की मांग की है। हालांकि अभी तक प्राथमिकी दर्ज नहीं की गई है। एक हिंदू संगठन के नेता हेमंत राज ने बताया कि सोमवार को दर्जनों की संख्या में युवा भारत माता मंदिर पर एकत्रित हुए और यहां से जुलूस बनाकर सिगरा स्थित आईपी मॉल पहुंचे। उन्होंने कहा कि युवाओं ने वहां फिल्म का पोस्टर फाड़कर नारेबाजी की और फिल्म को बंद करने की मांग की। युवाओं ने आदिपुरुष फिल्म को ना देखने की लोगों से अपील की और पर्चे बांटे। युवा मॉल के अंदर प्रवेश करना चाहते थे, लेकिन वहां मौजूद पुलिस बल ने उन्हें रोक दिया। युवाओं का कहना था कि इस तरह की फिल्म बनाकर उनके धर्म का मजाक उड़ाया जा रहा है, जिसे वे किसी भी कीमत पर बर्दास्त नहीं करेंगे। उन्होंने मांग की कि उत्तर प्रदेश सरकार तत्काल इस फिल्म पर प्रतिबंध लगाए। राजधानी लखनऊ में अखिल भारतीय हिंदू महासभा के प्रवक्ता शिशिर चतुर्वेदी और उनके अन्य साथियों ने हजरतगंज पुलिस थाने में तहरीर देकर फिल्म के अभिनेताओं और फिल्म के निर्माता निर्देशक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की है। उन्होंने अपनी तहरीर में कहा कि फिल्म में सनातम धर्म का, प्रभु श्री राम जी का, हनुमान जी का, भगवा ध्वज का और सीता मैया का अपमान किया गया है। उन्होंने कहा कि फिल्म का चित्रण गलत और कलाकारों की वेशभूषा अनुचित है और इसके संवाद आपत्तिजनक हैं। उन्होंने कहा कि असल रामायण का गलत प्रस्तुतीकरण किया गया है। इस बारे में सहायक पुलिस आयुक्त एसीपी अरविंद कुमार वर्मा ने बताया कि फिल्म के खिलाफ तहरीर मिल गई है और पुलिस मामले की जांच कर रही है। अभी इस मामले में प्राथमिकी दर्ज नहीं की गई है। उधर समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने फिल्म आदिपुरुष को लेकर भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधा लेकिन उन्होंने फिल्म का नाम नहीं लिया।

# 112 पर फोन कर देता था झूठी सूचना

**भदोही,** कुछ ऐसे भी लोग हैं जो आमजन को बेवजह परेशान करते करते सरकारी कर्मियों के लिए भी सिरदर्द बन जाते हैं। ऐसा ही एक मामला भदोही पुलिस के सामने आया। आपातकालीन सेवा-112 पर बार-बार फोन कर पुलिस को भ्रमित एवं अभद्र भाषा करने वाले युवक को पुलिस न केवल गिरफ्तार किया बल्कि उसे सबक भी सिखाया। वह बेसिक फोन से थानों, आपातकालीन सेवा 112 पर काल कर पुलिस कर्मियों को गाली देता था। सुरियावां थाना क्षेत्र के खेवखर निवासी मिथिलेश कुमार बिंद डायल 112 नंबर पर बार-बार काल करता और मदद के लिए बुलाता। लखनऊ मुख्यालय पर उसके नाम की बार-बार शिकायत दर्ज हो रही थी। उसकी शिकायत पर जब पुलिस टीम मौके पर पहुंचती थी तो वह गायब हो जाता था। इस तरह वह आए दिन पीआरवी पुलिस को फोन कर परेशान करता था। पुलिस भी घटना की जानकारी मिलने पर मौके पर ही पहुंच जाती थी लेकिन शिकायत झूठी निकलती थी। मामला पुलिस अधीक्षक के संज्ञान में आया तो उन्होंने सर्विलांस नंबर के आधार पर उसका पता लगाने की जिम्मेदारी सर्विलांस टीम को दी। एसपी ने बताया कि आरोपित युवक लैंडलाइन नंबर से भी फोन कर पुलिस को गाली देता था।

विनोद एस.पी.सिंह
चीफ ब्यूरो- उत्तर प्रदेश
मो. 9415287895

# तांत्रिक ने मृत महिला को जिंदा करने की कोशिश



**आजमगढ़,** आजमगढ़ में तांत्रिक ने तंत्र-मंत्र के जरिए एक मृत महिला को जिंदा करने का प्रयास किया। दरअसल महिला की मौत सांप के काटने से हुई थी। परिजन उसके अंतिम संस्कार की तैयारी कर रहे थे। इतने में गांव की रहने वाली एक तांत्रिक महिला आई और मृत महिला को फिर जिंदा करने का प्रयास करने लगी। इस दुनिया में सब संभव है लेकिन किसी मरे व्यक्ति को जिन्दा करना मुमकिन ही नहीं है। यूपी के आजमगढ़ से एक ऐसी घटना आई है जहां सांप काटने से एक महिला की मौत हो गई। उसके मौत के बाद परिजन महिला के अंतिम संस्कार करने की पूरी तैयारी कर लिए थे तभी वहां गांव तांत्रिक महिला पहुंची और मृत महिला को वापस से जिन्दा करने का दावा करने लगी। मामला मुबारकपुर थाना के अंतर्गत आवाम गांव में रहने वाली एक महिला को सांप ने डंस लिया था। परिजन महिला को नजदीक के स्वास्थ्य केंद्र ले गए। जहां जांच के बाद डॉक्टरों ने महिला को मृत घोषित कर दिया। परिजन अंतिम संस्कार के लिए शव को लेकर गांव पहुंचे। गांव की रहने वाली एक तांत्रिक महिला भी वहां आई और मृत महिला को फिर से जिंदा करने का दावा करने लगी। मृतका के परिजनों ने उसे तांत्रिक क्रिया करने की इजाजत दे दी। तांत्रिक महिला ने कई घंटों तक बैठकर कई तांत्रिक क्रियाएं कीं जिसे देखने के लिए गांववालों की भीड़ इकट्ठा हो गई। काफी देर तक जब मृतक महिला के शरीर में कोई हलचल नहीं हुई तो तो मौके पर मौजूद किसी ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस पहुंची और लाश के साथ तांत्रिक क्रिया कर रही महिला को हटाया। पुलिस ने महिला को हिरासत में लिया और थाने ले गई। मौके पर मौजूद किसी ने इस घटना का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। इस पूरे प्रकरण का संज्ञान लेते हुए एसपी शैलेंद्र लाल ने बताया कि मुबारकपुर के आवाम गांव में महिला द्वारा चमत्कार दिखाने के नाम पर डेड बॉडी के साथ तंत्र मंत्र करने के मामले में मुबारकपुर थाने में एफआईआर दर्ज की गई है। कानूनी धारा के आधार पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

# देर रात तमंचे के बल पर बदमाशों ने डॉक्टर को लुटा



**मुरादाबाद,** दिल्ली लखनऊ हाईवे पर देर रात तमंचे के बल पर बदमाशों ने डॉक्टर से नगदी और मोबाइल लूट लिया जानकारी के मुताबिक पाकबड़ा इलाके में डॉक्टर लक्ष्मण आयुष्मान नाम से अस्पताल चलाता हैं। वह देर रात अस्पताल बंद कर घर लौट रहा था। तभी हाईवे पर बदमाशों ने उनके साथ लूट की वारदात को अंजाम दे दिया। कटघर थाना क्षेत्र गोविंद नगर निवासी डॉ. लक्ष्मण पाकबड़ा थाना क्षेत्र में आयुष्मान नाम से अपना अस्पताल चलाते हैं। वह रविवार की देर रात अस्पताल बंद कर गोविंद नगर अपने घर लौट रहे थें। जब वह मैनाठेर थाना क्षेत्र दिल्ली-लखनऊ हाईवे बाईपास पर पुराने टोल के आगे संभल कट के पास पहुंचे तभी पीछे से इनोवा कार आ गईं। इनोवा के चालक ने आवेरटेक करके डॉ की कार के सामने अपनी गाड़ी लगा दी। आरोप हैं कि इनोवा कार में सावार होकर आए पांच लोग गाडी से नीचे उतरे और उन्होंने डॉक्टर को घेर लिया।


इसके बाद दो बदमाशों ने डॉक्टर की कनपटी पर तमंचा तान दिया जबकि तीन बदमाश हॉकी लिए हुएं थें। बदमाशों ने डॉक्टर से 80 हजार रुपये और आईफोन लूट लिया। विरोध करने पर बदमाशों ने डॉक्टर को हॉकी से पीट भी दिया। घटना को अंजाम देने के बाद बदमाश डॉक्टर की कार की चाभी लेकर मूंढापांडे की ओर भाग निकले। जिसके बाद डॉक्टर ने किसी तरह अपने परिवार वालों के पास और पुलिस को सूचना दी। घटना की जानकारी लगते ही मैनाठेर थाना पुलिस देर रात घटना स्थल पर पहुंच गईं। पुलिस ने पीड़ित डॉक्टर से पूछताछ कर घटना की जानकारी ली। डॉक्टर के बताए मुताबिक़ पुलिस ने इनोवा गाड़ी काफ़ी खोज की लेकिन देर रात तक कुछ पता नहीं चल सका। इस मामले में पुलिस द्वारा आस पास की जगहों के सीसीटीवी फुटेज चेक किए जा रहें हैं, पुलिस के मुताबिक़ पुरे मामले की जांच पड़ताल की जा रहीं हैं। जल्द ही घटना का अनावरण किया जाएगा।

# गोरखपुर से हैदराबाद के लिए चलेगी साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन



**गोरखपुर,** गोरखपुर से हैदराबाद जाने वाले यात्रियों को ट्रेन में टिकटों की दिक्कतों का सामना नहीं करना पड़ेगा। क्योंकि, रेलवे की ओर से ट्रेन नंबर 02575/02576 हैदराबाद-गोरखपुर वीकली स्पेशल ट्रेन चलाई जाएगी। ट्रेन नंबर 02575 हैदाराबाद-गोरखपुर वीकली स्पेशल हैदराबाद से 28 जुलाई तक प्रत्येक शुक्रवार चलाएगी जाएगी। जबकि, ट्रेन नंबर 02576 गोरखपुर-हैदराबाद वीकली स्पेशल गोरखपुर से 30 जुलाई तक प्रत्येक रविवार को चलाई जाएगी। NE रेलवे के CPRO पंकज कुमार सिंह ने बताया, इस ट्रेन में टिकटों की बुकिंग शुरू हो गई है। वहीं, इस ट्रेन का एक, जनरेटर सह लगेज यान का एक, जनरल सकेंड क्लास के 2, स्लीपर के 7, AC थ्री टियर के 9 और AC टू टियर के 2 कोचों सहित कुल 22 कोच लगेंगे। इस ट्रेन की टाइमिंग हैदराबाद से 21.05 बजे प्रस्थान कर सिकन्दराबाद से 21.30 बजे, काजीपेट से 23.19 बजे, दूसरे दिन पेड्डापल्ली से 00.10 बजे, मंचिर्याल से 00.50 बजे, बल्हारषाह से 03.30 बजे, नागपुर से 06.25 बजे, इटारसी से 12.05 बजे, भोपाल से 13.50 बजे, वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई जं. से 18.35 बजे, उरई से 19.55 बजे, पोखरायां से 21.00 बजे, कानपुर सेण्ट्रल से 23.05 बजे, तीसरे दिन ऐशबाग से 00.58 बजे, लखनऊ सिटी से 01.10 बजे और गोण्डा से 03.30 बजे छूटकर गोरखपुर 06.30 बजे पहुंचेगी। वहीं, गोरखपुर से इस ट्रेन की टाइमिंग 08.30 बजे प्रस्थान गोण्डा से 11.05 बजे, बाराबंकी से 12.20 बजे, लखनऊ सिटी से 13.12 बजे, ऐशबाग से 13.38 बजे, कानपुर सेण्ट्रल से 15.10 बजे, पोखरायां से 16.12 बजे, उरई से 16.37 बजे, वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई जं. से 18.45 बजे, भोपाल से 23.05 बजे, दूसरे दिन इटारसी से 00.50 बजे, नागपुर से 06.45 बजे, बल्हारषाह से 10.05 बजे, मंचिर्याल से 11.32 बजे, पेड्डापल्ली से 11.59 बजे, काजीपेट से 13.17 बजे और सिकन्दराबाद से 15.05 बजे छूटकर हैदराबाद 16.20 बजे पहुंचेगी।

# भीषण गर्मी ने मचाया कहर
## अब तक 53 लोगों की मौत



**देवरिया,** यूपी में इन दिनों में मौसम का बदलाव जारी है। कभी धूप तो बारिश ने लोगों का जीना बेहाल कर रखा है। इसी बीच गर्मी का प्रकोप इतना बढ़ा कि यूपी के देवरिय में लोगों की जान चली गई। देवरिया जिले में पिछले 10 दिनों से गर्मी ने कहर मचा रखा हैं। लगातार 10 दिनों से 42-43 डिग्री तापमान बना हुआ है। 24 घंटों में भाजपा नेता के इकलौते पुत्र समेत 53 लोगों की मृत्यु हो गई है। डॉक्टरों का कहना है कि लगातार बढ़ती गर्मी से हीट स्ट्रोक के मरीजों की संख्या बढ़ गई हैं। इस वजह से कई लोगों की जान जा रही हैं। सीएमओ ने लोगों को घर से बाहर न निकलने की सलाह दी हैं। शनिवार पांच बजे से रविवार पांच बजे तक मेडिकल कॉलेज में 35 लोग मृत अवस्था में लाए गए, वहीं 18 मरीजों ने हॉस्पिटल में दम तोड़ दिया। अत्यधिक मरीज आ जाने से हॉस्पिटल में हड़बड़ी मच गई। कई मरीजों को बेड न मिलने के कारण जमीन पर ही इलाज हुआ। डॉक्टरों का कहना है कि गर्मी का प्रकोप बढ़ने से मेडिकल कॉलेज के इमरजेंसी में मरीजों की भीड़ बढ़ गई हैं। शनिवार को सबसे ज्यादा लोगों की मौत हुई। रविवार शाम 5 बजे तक सबसे ज्यादा मरीज आए। इनमें अधिकतर बुजुर्ग हैं। शव वाहन चालक, जीतेन्द्र का कहना है कि गर्मी से इतने लोगों मर रहे है कि हम लोगों को एक मिनट की फुर्सत नहीं मिल रही है। 25-30 शव ले जाते हालत ख़राब हो गई है। मेडिकल कॉलेज प्रशासन ने गर्मी को देखते हुए सब तैयारी की है। पुराने भवन में कुल 10 बेड का वार्ड बनाया गया, जिसमें पंखा और एसी भी लगाया गया। लेकिन यह वार्ड अभी बंद है कोई भी मरीज यहां भर्ती नहीं हुआ है।

# ओपी राजभर बोले- 2024 के लिए 300 यूनिट बिजली फ्री और शराबबंदी मुख्य एजेंडा



**आजमगढ़,** सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर ने कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव में अगर उनकी पार्टी को 30 सीट मिल जाती है तो संसद में जोरदार तरीके से गरीबों की आवाज उठाएंगे। साथ ही यूपी में 300 यूनिट मुफ्त बिजली दी जाएगी। उन्होंने कहा कि हमारी पार्टी का मुख्य एजेंडा है कि प्रदेश को चार भागों में बांटा जाएगा तभी गरीबों का विकास होगा। उत्तर प्रदेश में शराबबंदी लागू की जाएगी और 300 यूनिट फ्री बिजली दी जाएगी। सुभासपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने यह बातें रविवार को फूला देवी मंगरू सिंह पब्लिक स्कूल छतरपुर में कार्यकर्ता बैठक के बाद प्रेस-प्रतिनिधियों से वार्ता में कही। सुभासपा मुखिया ने कहा कि तेलंगाना जैसे छोटे प्रदेश में शिक्षा बिल्कुल फ्री है। वैसे ही उत्तर प्रदेश में शिक्षा फ्री होनी चाहिए। राजभर ने कहा कि महिलाओं को हम आधी आबादी के स्वरूप 50 प्रतिशत हर क्षेत्र में जगह देंगे। उन्होंने कहा कि हमारे किसी भी कार्यकर्ता के ऊपर किसी भी प्रकार का अन्याय होता है तो हम बर्दाश्त नहीं करेंगे।जरूरत पड़ने पर सड़क से जेल तक तैयार रहेंगे। इस बार एक लोकसभा सीट आजमगढ़ से हम जीत कर आप लोगों के भरोसे पर खरे उतरेंगे। उन्होंने ने यह भी कहा कि दिल्ली, पंजाब में 300 मिनट यूनिट बिजली फ्री है तो उत्तर प्रदेश में क्यों नहीं है।

# घर का इकलौता चिराग
## ट्रक ने मारा धक्का मचा है कोहराम !




**जौनपुर,** खुटहन थानाक्षेत्र के शाहगंज-खुटहन मार्ग स्थित गोबरहा गांव में गुरुवार को ट्रक की चपेट में आने से युवक की मौत हो गयी। युवक की शिनाख्त बड़सरा गांव निवासी रोहित गौतम (28) के रूप में हुई। वह अपनी बड़ी बहन की विदाई कराने जा रहा था और अपने घर इकलौता लड़का था। घटना की सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस के अनुसार रोहित अपनी बड़ी बहन की ससुराल सरपतहां थानाक्षेत्र के घुघरी सुल्तानपुर गांव उसकी विदाई करवाने के लिए जा रहा था। शाहगंज रोड पर पीछे से आ रहे तज रफ्तार ट्रक ने उसे पीछे से टक्कर मारी जिससे वह सड़क पर दाहिने तरफ लड़खड़ा के गिर पड़ा और ट्रक के पिछले पहिये से उसका सिर कुचल गया जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। बड़सरा निवासी राम तवक्कल के इकलौते पुत्र रोहित की मौत की खबर जैसे ही परिजनों को मिली कोहराम मच गया। रोहित को एक वर्ष का बेटा है। उसकी पत्नी रोते-रोते बेहोश हो जा रही है। मां और पिता सहित अन्य परिजन भी बेहाल हैं और उनके आंसू थमने के नाम नहीं ले रहे हैं।

# ट्रैफिक नियमों का बखान करने वाली पुलिस की गाड़ी का हुआ 5 हजार का चालान

**बस्ती,** उत्तर प्रदेश में इन दिनों यूपी पुलिस सड़कों पर मुस्तैद है और लोगों को ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूक कर रही है और कमी पाए जाने पर चालान भी कर रही है। इसमें है सिक्योरिटी नंबर प्लेट और सीट बेल्ट का चालान सर्वाधिक है पर प्रदेश के बस्ती में ट्रैफिक नियमों का बखान करने वाली पुलिस को स्वयं अपनी गाड़ी का चालान काटना पड़ा और इसकी सूचना डीजीपी कार्यालय से साझा करनी पड़ी। या चालान एक युवक के ट्वीट के बाद हुआ। फिलहाल इस कार्रवाई के बाद अब पुलिस की गाड़ियों पर भी है सिक्योरिटि नंबर प्लेट की कवायद शुरू हो गई है। इस ट्वीट में उन्होंने लिखा था। ट्रैफिक नियमों का पालन कराने वाली पुलिस की गाड़ी में खुद हाई सिक्योरिटी नम्बर प्लेट नहीं है और ना सीटबेल्ट का इस्तेमाल किया जाता है, क्या इन पर पर ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन की कार्यवाही होगा. कृपया संज्ञान में अविलंब ले.! इस ट्वीट में सीएम योगी, डीजीपी यूपी,यूपी गवर्नमेंट और बस्ती पुलिस को टैग किया गया था।

# लोगों को अकेलेपन और अनिद्रा का शिकार बना रहा एआई



इन दिनों **आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस** का इस्तेमाल तेजी से बढ़ता जा रहा है। लगभग हर क्षेत्र से जुड़े लोग एआई की मदद से अपने काम को आसान बना रहे हैं। इसी बीच अमेरिकन साइकोलॉजिकल एसोसिएशन द्वारा जारी किए गए एक अध्ययन में चौंकाने वाला खुलासा सामने आया है। इस अध्ययन के मुताबिक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सिस्टम से जुड़े कर्मचारियों के अकेलेपन का शिकार होने की संभावना अधिक होती है। साथ ही स्टडी में यह भी सामने आया है इसकी वजह से नींद न आने और शराब पीने की आदत में भी वृद्धि पाई गई है। जॉर्जिया यूनिवर्सिटी के रिसर्चर ने अपनी स्टडी के लिए अमेरिका, ताइवान, इंडोनेशिया और मलेशिया में चार एक्सपेरिमेंट किए। इसके लिए उन्होंने ताइवानीज बायोमेडिकल कंपनी के एआई के साथ काम करने वाले 166 लोगों पर 3 हफ्ते तक रिसर्च की इस। दौरान रिसर्च में शामिल लोगों से अकेलेपन, अपनेपन की भावना और लगाव की चिंता के बारे में बातचीत की गई। इस दौरान स्टडी में शामिल प्रतिभागियों ने बताया कि काम से लौटने के बाद उन्हें नींद नहीं आती और वह शराब पीते हैं। जर्नल ऑफ एप्लाइड साइकोलॉजी में प्रकाशित इस रिसर्च में यह भी पता चला कि एआई के साथ काम करने वाले लोग हमेशा मदद के लिए तैयार रहते हैं। शोधकर्ताओं का यह मानना है कि लोग मदद के लिए इसलिए तैयार है, क्योंकि वह सामाजिक तौर पर एक्टिव रहना चाहते हैं। अमेरिका, इंडोनेशिया और मलेशिया की प्रॉपर्टी मैनेजमेंट और टेक कंपनियों में किए गए एक्सपेरिमेंट्स में भी यही रिजल्ट सामने आए हैं। स्टडी के प्रमुख शोधकर्ता पोक मैन टैंग कहते हैं कि टेक कंपनियां ऐसे एआई बना सकती है, जिसमें इंसानी आवाज का फीचर हो ताकि काम करते समय उन्हें ऐसा महसूस न हो कि वह किसी मशीन के साथ काम कर रहे हैं। लोगों को काम के दौरान ह्यूमन इंटरेक्शन का अहसास दिलाने के लिए एआई पर काम किया जाना चाहिए। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि लोगों को कम से कम एआई के साथ समय बिताना चाहिए और सोशलाइज करने के मौके मिलने चाहिए।

# सिद्ध धाम पुरी में भगवान जगन्नाथ के साथ-साथ इन देवी-देवताओं का भी करें दर्शन

**विश्व प्रसिद्ध भगवान जगन्नाथ की भव्य रथ यात्रा लंबे समय से निकाली जा रही है. इस रथयात्रा में भगवान जगन्नाथ नगर का भ्रमण करते हैं, जिसमें उनके साथ बड़े भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा मौजूद होती हैं. जगन्नाथ पुरी मंदिर में भगवान जगन्नाथ के साथ उनके बड़े भाई भगवान बलभद्र और बहन देवी सुभद्रा भी विराजमान होती हैं।**

हिन्दू धर्म में भगवान जगन्नाथ को सृष्टि के पालनहार के रूप में पूजा जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार भगवान जगन्नाथ की उपासना करने से जीवन में आ रही सभी परेशानियां दूर हो जाती है और साधकों को सुख एवं समृद्धि का आशीर्वाद प्राप्त होता है। बता दें कि आज चार धामों में से एक जगन्नाथ पुरी में भगवान जगन्नाथ जी की भव्य रथ यात्रा निकाली जाएगी। इस रथ यात्रा के दर्शन हेतु लाखों की संख्या में श्रद्धालु देश-विदेश से आते हैं। ओडिशा की विश्व प्रसिद्ध भगवान जगन्नाथ की भव्य रथ यात्रा लंबे समय से निकाली जा रही है. इस रथयात्रा में भगवान जगन्नाथ नगर का भ्रमण करते हैं, जिसमें उनके साथ बड़े भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा मौजूद होती हैं. हर साल आषाढ़ माह के शुक्ल पक्ष की द्वितीय तिथि पर इस यात्रा का शुभारंभ होता है। जगन्नाथ पुरी मंदिर में भगवान जगन्नाथ के साथ उनके बड़े भाई भगवान बलभद्र और बहन देवी सुभद्रा भी विराजमान होती हैं। यहां दर्शन के लिए आने वाले भक्तों को अन्य देवी देवताओं की पूजा का भी अवसर प्राप्त होता है। आइए जानते हैं जगन्नाथ मंदिर में किन-किन देवी-देवताओं के मिलते हैं दर्शन?

**माता भुवनेश्वरी मंदिर-** धार्मिक मान्यता है कि माता भुवनेश्वरी की उपासना करने से साधक को धन-धान्य और समृद्धि की प्राप्ति होती है। कहा जाता है कि यहां स्थापित माता भुनेश्वरी की प्रतिमा को एक तांत्रिक द्वारा लाया गया था। इसलिए आज भी यहां देवी की तंत्र साधना की जाती है।

**माता विमला देवी मंदिर-** भगवान जगन्नाथ के भव्य मंदिर में मां विमला देवी का भी मंदिर है, जिनकी पूजा शक्ति स्वरूप में की जाती है। माता विमला की पूजा तंत्र मंत्र से की जाती है और उनके पुरी धाम की देवी के रूप में पूजा जाता है।


**भगवान नरसिंह मंदिर-** सिद्ध धाम पुरी में भगवान जगन्नाथ के दर्शन के साथ भगवान विष्णु के स्वरूप नरसिंह भगवान की पूजा का भी अवसर प्राप्त होता है। माना जाता है जो भी भक्त जगन्नाथ जी के दर्शन के लिए आता है, उन्हें नरसिंह भगवान की पूजा अवश्य करनी चाहिए। ऐसा करने से पूजा का पूर्ण फल प्राप्त होता है।

**नील माधव मंदिर-** श्री जगन्नाथ मंदिर के भीतर भगवान विष्णु के चतुर्भुज रूप की पूजा का सौभाग्य मिलता है। माना जाता है प्रभु नील माधव की पूजा अथवा दर्शन करने से जीवन में आ रही सभी समस्याएं दूर हो जाती है और साधको को सुख-समृद्धि प्राप्त होती है। कहा जाता है कि जब से जगन्नाथ रथ यात्रा की शुरुआत हुई है तब से ही राजाओं के वंशज पारंपरिक रूप से सोने के हत्थे वाली झाड़ू से जगन्नाथ जी के रथ के सामने झाड़ू लगाते हैं। इसके बाद मंत्रोच्चार एवं जयघोष के साथ इस पवित्र रथ यात्रा की शुरुआत होती है। जगन्नाथ जी की यात्रा का ये उत्सव आषाढ़ शुक्ल पक्ष के दूसरे दिन शुरू होता है। कहा जाता है कि भगवान जगन्नाथ जी की रथ यात्रा के दिन बारिश जरूर होती है। आज तक कभी भी ऐसा नहीं हुआ कि इस दिन बारिश न हुई हो। जगन्नाथ रथ यात्रा से जुड़ी मान्यता है कि जो भी भक्त इस शुभ रथ यात्रा में सम्मिलित होते हैं उन्हें 100 यज्ञों के बराबर पुण्य फल की प्राप्ति होती है। इस रथ यात्रा के बारे में कहा जाता है कि भगवान जगन्नाथ स्वयं अपने भक्तों के मध्य



विराजमान रहते हैं। भगवान जगन्नाथ, बलभद्र, व सुभद्रा के रथ नारियल की लकड़ी से बनाए जाते हैं। ऐसा इसलिए किया जाता है क्योंकि ये लकड़ी हल्की होती हैं और इन्हें आसानी से खिंचा जा सकता है। भगवान जगन्नाथ के रथ का रंग लाल और पीला होता है। इसके अलावा यह रथ बाकी रथों की तुलना में भी आकार में बड़ा होता है। उनकी यात्रा बलभद्र और सुभद्रा के रथ के पीछे होती है। भारत ही नहीं बल्कि दुनियाभर में यह एक ऐसा पर्व है जहां भगवान खुद ही घूमने निकल जाते हैं। जिनकी रथ यात्रा में भारी संख्या में लोग शामिल होते हैं। मान्यता है कि भगवान जगन्नाथ गर्भगृह से निकलकर अपनी प्रजा का हाल जानने के लिए निकलते हैं।

# स्लिप डिस्क के मरीजों के लिए बेहद फायदेमंद हैं ये योगासन



**स्लिप डिस्क** को हर्नियेट डिस्क के नाम से भी जाना जाता है। स्लिप डिस्क की प्रॉब्लम आज तेजी से बढ़ रही है और इसका शिकार ज्यादातर 22 से 40 साल के लोग हो रहे हैं। स्लिप डिस्क में कमर और गर्दन में दर्द होता है। बैठने के साथ ही लेटने और चलने-फिरने में भी कई बार बहुत दिक्कत होती है। तो अगर आप भी इस समस्या से जूझ रहे हैं, तो पहले डॉक्टर से मिलें, जिससे वो इसकी गंभीरता के बारे में बता सकें, उसके बाद उनसे सलाह देते हुए योग को अपने रूटीन में शामिल करें। कुछ योग आसानों की मदद से स्लिप डिस्क की प्रॉब्लम को ठीक किया जा सकता है।

**स्लिप डिस्क के कारणः-** गलत पोश्चर में बैठने से - अधिक वजन उठाना, बहुत ज्यादा ड्राइविंग करना, लंबे समय तक बैठे रहना- अचानक चोट लगने या दुर्घटना होने के कारण अधिक धूम्रपान करना- मोटापा और अधिक वजन होना- व्यायाम की कमी या व्यायाम ना करना, बढ़ती उम्र भी स्लिप डिस्क का कारण बनती है।

**स्लिप डिस्क के लिए फायदेमंद योगासन**

**भुजंगासन-** भुजंगासन योग आपकी पीठ के निचले हिस्से और रीढ़ को एक अच्छा खिंचाव देता है और स्लिप डिस्क के कारण होने वाले दर्द से राहत देता है।

**उष्ट्रासन-** उष्ट्रासन योगासन को करने से आपकी रीढ़ की हड्डी पर खिंचाव पड़ता है जो पीठ दर्द और गर्दन दर्द आदि समस्याओं को दूर करने में मदद करता है।

**शलभासन-** शलभासन योग पीठ के निचले हिस्से को मजबूत करता है और हिप एरिया में ब्लड सर्कुलेशन को बढ़ाता है। यह स्लिप डिस्क के दर्द को दूर करने में मदद करता है क्योंकि जब ब्लड सर्कुलेशन सही तरह से नहीं होता, तो यह उस क्षेत्र में प्रेशर बनता है।

**सेतुबंधासन-** सेतुबंधासन स्लिप डिस्क में आराम देने वाला बहुत ही अच्छा आसन है, जो पीठ को मजबूत करता है। यह आसन धीरे-धीरे पीठ के निचले हिस्से और हिप्स मसल्स को रिलैक्स करता है। यह फ्लेक्सिबिलिटी को बढ़ता है और स्लिप डिस्क प्रभावित उन हिस्सों को एक्टिव करता है, जिनका मूवमेंट इस प्रॉब्लम के चलते धीरे या कम हो गया है।


# आखिर कौन हैं लाफिंग बुद्धा? जानिए उनकी मूर्ति रखने की सही दिशा

**वास्तु शास्त्र** के अनुसार घर में रखी हुई प्रत्येक वस्तु का हमारे ऊपर सकारात्मक या नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। इसलिए शुभ मानी जाने वाली वस्तुएं भी अगर गलत दिशा में रखी जाए तो इसका बुरा प्रभाव पड़ सकता है। आपने कई लोगों को घर में लाफिंग बुद्धा की मूर्ति रखते हुए देखा होगा। वास्तु शास्त्र में इसका इसे घर में रखना बहुत ही शुभ माना जाता है। लेकिन इसे रखने की एक सही दिशा का भी वर्णन है। जिसका ध्यान रखना बहुत जरूरी है। वरना आपको इसके बुरे परिणाम भी भुगतने पड़ सकते हैं। इसलिए जब भी लाफिंग बुद्धा की मूर्ति घर में लाए तो उसे स्थापित करते समय दिशा का ध्यान जरूर रखें। एक मान्यता के अनुसार जापान के रहने वाले होताई ने बौद्ध धर्म अपना लिया था। उन्होंने काफी तपस्या की थी। जिससे उन्हें आत्मज्ञान की प्राप्ति हुई। ज्ञान प्राप्ति के बाद होताई जोर-जोर से हंसने लगा। उन्होंने लोगों को हंसाना ही अपने जीवन का लक्ष्य बना लिया था। उन्होंने कई देशों की यात्रा की। जहां भी गए लोगों को हंसाया। तब से उनका नाम लाफिंग बुद्धा पड़ गया। जिसका मतलब हंसते हुए भगवान बुद्ध है। लाफिंग बुद्धा को खुशियों का प्रतीक माना गया है। लाफिंग बुद्धा को घर में रखने से घर में सुख-समृद्धि आती है। साथ ही घर में मौजूद नकारात्मक प्रभाव समाप्त होता है। इसके प्रभाव से परिवार के सभी सदस्य सुखी जीवन व्यतीत करते हैं। लाफिंग बुद्धा रखने के लिए वास्तु में एक सही दिशा का निर्धारण किया गया है। लाफिंग बुद्धा की मूर्ति घर के मुख्य द्वार के सामने होनी चाहिए। पूर्व दिशा में लाफिंग बुद्धा



रखना शुभ माना जाता है। अगर आप लाफिंग बुद्धा की मूर्ति को बच्चों के स्टडी रूम में रखते हैं तो इससे उनका मन पढ़ाई में लगता है।

# दांतों को स्वस्थ रखना चाहते हैं तो डाइट में शामिल करें ये फूड्स



**दांतों** को मजबूत बनाने के लिए सिर्फ बर्श करना ही काफी नहीं है। इन्हें स्वस्थ रखने के लिए आप अपनी डाइट में भी बदलाव कर सकते हैं। जिससे शरीर में विटामिन्स की पूर्ति होती है और आपके दांत स्वस्थ हो सकते हैं। दरअसल आप जो भी चीज़ें खाते-पीते हैं, इसका प्रभाव दांतों और मसूड़ों पर पड़ता है। ऐसे में जरूरी है कि आप अपनी डाइट में ऐसी चीज़ें शामिल करें, जिससे दांत स्वस्थ रहें। तो आइए जानते हैं, दांतों को स्वस्थ रखने के लिए आप डाइट में किन चीज़ों को शामिल कर सकते हैं।

**डेयरी प्रोडक्ट्स-** दांतो के लिए डेयरी प्रोडक्ट्स का सेवन काफी अच्छा माान जाता है। दूध, दही पनीर कैल्शियम से भरपूर होते हैं। जो हड्डियों को मजबूत करते हैं। इसके अलावा ये दांतों के लिए भी फायदेमंद होते हैं। इन फूड्स को खाने से मुंह में लार उत्पन्न होने की संभावना होती है, जो भोजन के कणों को साफ करके दांतों की रक्षा करती हैं। इसके अलावा आप दांतों के लिए सोया और काजू का भी सेवन कर सकते हैं। ये फूड्स भी कैल्शियम से भरपूर होते हैं, जो दांतों को मजबूत रखने में मददगार हैं।

**विटामिन-सी फूड्स-** दांतों को लंबे समय तक मजबूत रखना चाहते हैं, तो आप अपनी डाइट में विटामिन-सी रिच फूड्स शामिल कर सकते हैं। इसके लिए आप स्ट्रॉबेरी, अंगूर, सेब, कीवी, नीबू, क्रैनबेरी, संतरे आदि खा सकते हैं। ये एसिड बनाने वाले बैक्टीरिया से लड़ने में मदद करते हैं। ये फल एंटीऑक्सिडेंट से भी भरपूर होते हैं, जो आपके ओरल हेल्थ के लिए फायदेमंद होते हैं।

**मैग्नीशियम रिच फूड्स-** मैग्नीशियम युक्त फूड्स दांतों के इनेमल और जबड़े को मजबूत करते हैं। शरीर में इस विटामिन की पूर्ति के लिए आप चावल, मक्का, जौ, गेहूं और जई जैसे कई साबुत अनाज को अपनी डाइट में शामिल कर सकते हैं।

**डाइट में शामिल करें फल और सब्जियां-** दांतों को मजबूत रखने के लिए आप अपनी डाइट में कच्ची सब्जियां और फल शामिल कर सकते हैं। इन्हें चबाने से जबड़े मजबूत होते हैं, जिससे आपकी दांतें स्वस्थ रहते हैं। इन फलों और सब्जियों में मौजूद फाइबर दातों की सड़न को रोकते हैं।

**अंडे खाएं-** दांतों को स्वस्थ रखने के लिए आप अंडा को डाइट का हिस्सा जरूर बनाएं। इसमें प्रचुर मात्रा में कैल्शियम, प्रोटीन और अन्य पोषक तत्व पाए जाते हैं। जो दांतों को मजबूत रखने में मदद करते हैं।

**अंजीर-** अंजीर को भी कैल्शियम का अच्छा सोर्स माना जाता है। इसके नियमित सेवन से हड्डियों से संबंधित बीमारियां तो दूर भागती ही हैं, साथ ही यह हड्डियों का विकास भी करता है। दरअसल अंजीर में फास्फोरस भी होता है और यही तत्व हड्डियों का विकास करता है। अंजीर के 1 कप खाने से बॉडी को लगभग 240 मिलीग्राम कैल्शियम मिलता है। इसके अलावा इसमें फाइबर, विटामिन के और पोटेशियम भी पाया जाता है। रोजाना खाली पेट अंजीर खाने से कब्ज, पाचन संबंधित समस्याएं भी दूर होती हैं।

**चीज-** चीज भी कैल्शियम से भरपूर होती है, इसलिए इसे रोजाना खाएं, लेकिन ध्यान रहे इसकी मात्रा सीमित रखें वरना फैट बढ़ सकता है। जानकारी के लिए बता दें कि हर तरह के चीज कैल्शियम से भरपूर होते हैं, इसलिए आप जो चाहें चीज का वो फॉर्म खा सकती हैं।

**पालक-** पालक में भी कैल्शियम की भरपूर मात्रा होती है। 100 ग्राम पालक में 99 मिलीग्राम कैल्शियम होता है। शरीर को स्वस्थ रखने के लिए हफ्ते में कम से कम 3 बार पालक जरूर खाएं। हरी सब्जियों के सेवन से ना सिर्फ हड्डियां मजबूत होंगी और उनका विकास होगा बल्कि इससे आप खुद को कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से भी बचा पाएंगे।

# सीढ़ियों के नीचे भूलकर भी न बनवाएं ये चीजें लग सकता है वास्तु दोष

**सीढ़ियां** लगभग हर घर में होती हैं। इन्हें बनाते समय भी वास्तु शास्त्र में बताए गए कुछ नियमों का ध्यान रखना जरूरी है। वरना आपको कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। आइए जानते हैं क्या हैं सीढ़ियों संबंधी वास्तु नियम। वास्तु शास्त्र हिंदू प्रणाली में सबसे पुराने विज्ञानों में से एक है। वास्तु शास्त्र में दिशाओं का बहुत ही महत्व है। इसमें घर की हर छोटी-बड़ी चीज के लिए कुछ नियम बनाए गए हैं। जिससे घर में सकारात्मक वातावरण बना रहता है। वास्तु शास्त्र में सीढ़ी के नीचे कुछ चीजों को बनवाने की मनाही है। इससे घर में वास्तु दोष लग सकता है। सीढ़ियां बनवाने के लिए दक्षिण-पश्चिम दिशा सबसे बेहतर बताई गई है। इन्हें किसी अन्य भाग में, विशेष रूप से उत्तर पूर्व दिशा में बनाने से बचें, क्योंकि ऐसा माना जाता है कि इससे घर के मालिक को वित्तीय नुकसान झेलना पड़ता है। वास्तु के अनुसार कभी भी सीढ़ियों के नीचे कभी भी मंदिर नहीं होना चाहिए। इससे घर में कलेश की स्थिति बढ़ जाती है। साथ ही सीढ़ियों के ठीक नीचे पानी रखने की जगह नहीं बनानी चाहिए। इससे घर में पैसों की तंगी बढ़ती है। सीढ़ियों के नीचे कभी भी टॉयलेट नहीं बनवाना चाहिए। इससे घर में वास्तु दोष लग सकता है। जिसके



कारण परिवार के लोगों को कई तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। सीढ़ियों के नीचे स्टडी रूम भी नहीं बनवाना चाहिए। इसे पढ़ाई में मन लगाने में परेशानी होती है। वास्तु के अनुसार, कदम विषम संख्या में होने चाहिए, जैसे कि 9, 15, या 21। इन नंबरों को घरों के लिए भाग्यशाली माना जाता है क्योंकि ये घर में भाग्य और सौभाग्य ला सकते हैं। साथ ही, विशेषज्ञ सलाह देते हैं कि घर में सीढ़ियों की संख्या कभी भी शून्य से समाप्त नहीं होनी चाहिए।

# हड्डियों को कमजोर बना रही हैं ये आदतें

दुनिया भर में भारी संख्या में ऐसे लोग हैं, जो सुबह काम की जल्दबाजी में घर से खाली पेट निकल जाते हैं या फिर एक कप कॉफी साथ रख लेते हैं। लेकिन शायद वो ये नहीं जानते कि जब हड्डियों की बात आती है, तो उन्हें हेल्दी बनाए रखने के लिए एक हेल्दी और बैलेंस्ड डाइट बेहद जरूरी है। इसके अलावा प्रोसेस्ड फूड आइटम्स और कुछ सॉफ्ट ड्रिंक्स के अधिक इस्तेमाल से हड्डियों में सूजन की समस्या हो सकती है। शरीर को भरपूर मात्रा में सूरज की रोशनी न मिले तो विटामिन डी की कमी हो सकती है, जिससे हड्डियां कमजोर हो सकती हैं। सूरज से विटामिन डी लेने के लिए बाहर समय बिताएं, खासकर सुबह की धूप लें। दोपहर की तेज धूप में सूरज की किरणें हानिकारक हो सकती हैं। वॉकिंग, रनिंग या फिर वेट लिफ्टिंग और स्ट्रेचिंग जैसी आदतें स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद हैं। स्मोकिंग हड्डियों के लिए जरूरी कैल्शियम और अन्य न्यूट्रिएंट्स को अवशोषित करने में बाधा डालता है। इसके अलावा अल्कोहल बोन रीमॉडेलिंग को भी प्रभावित कर सकता है, जिससे बोन डेंसिटी में कमी आ सकती है। राने तनाव से हड्डियों की डेंसिटी भी कम होने लगती है और फ्रैक्चर का खतरा बढ़ जाता है। कॉफी लवर्स को ये बात परेशान कर सकती है, लेकिन शरीर में ज्यादा कैफीन की मात्रा हड्डियों को नुकसान पहुंचा सकती है।

# जल में मिलाकर चढ़ाएं ये चीजें मिलेगा विशेष लाभ

**हिंदू धर्म** में सूर्य को देव के रूप में पूजा जाता है। रविवार का दिन सूर्य देव को समर्पित है। कहा जाता है कि इस दिन, अगर आप सूर्य को जल अर्पित करते हैं तो सूर्य देव की विशेष कृपा आपके ऊपर बनी रहती है। ऐसा माना जाता है कि सुबह-सुबह आपके शरीर में शांति और ऊर्जा सबसे ज्यादा होती है, इसलिए आपको इसी समय अर्घ्य देने का पूर्ण लाभ मिलता है। सनातन धर्म में देवी-देवता की पूजा में पुष्प के प्रयोग विशेष रूप से होता है। सूर्यदेव को जल अर्पित करते समय जल के पात्र में पुष्प होने चाहिए। ऐसा करने से भगवान सूर्यदेव का आशीर्वाद मिलता है, और आपके सभी कार्य संपन्न होते हैं। हिंदू धर्म में अक्षत को बहुत पवित्र माना गया है। देवी-देवता की पूजा और किसी भी शुभ काम में अक्षत का प्रयोग मुख्य रूप से किया जाता है। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार जल में चावल डालकर सूर्य को अर्घ्य देने से जीवन में सुख-शांति बनी रहती है। जल में रोली डालकर सूर्य को अर्घ्य देना बहुत ही शुभ माना गया है। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार ऐसा करने से सूर्य दोष दूर होता है। इससे स्वास्थ्य भी बेहतर रहता है। माना जाता है कि रोली का लाल रंग हमें सूर्य की किरणों से जोड़ता है और इससे शरीर में रक्त संचार बढ़ता है। सनातन धर्म में हल्दी को बहुत शुभ माना जाता है। विवाह आदि जैसे मांगलिक कार्यों में भी मुख्य तौर पर हल्दी का इस्तेमाल किया जाता है। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, जल में हल्दी डालकर सूर्य को अर्घ्य देने से विवाह के योग बनते हैं। भगवान के भोग में मिश्री का प्रयोग किया जाता है। माना जाता है प्रसाद में मिश्री चढ़ाने से भगवान प्रसन्न होते हैं। ज्योतिष शास्त्र के



अनुसार, सूर्य को अर्घ्य देते समय जल में मिश्री डालकर जल चढ़ाने से सूर्य देवता की कृपा बनी रहती है। जिससे आपके जीवन में खुशियां भी बनी रहती हैं।

# बीएमसी के तीन साल के खर्चों में अनियमितता की होगी जांच



**मुंबई,** महाराष्ट्र सरकार ने बृहन्मुंबई नगर निगम के खर्चों में कथित अनियमितता की जांच के लिए एक एसआईटी का गठन किया है। संयुक्त पुलिस आयुक्त और दो वरिष्ठ अधिकारी इस जांच दल का नेतृत्व करेंगे। महाराष्ट्र सरकार ने बीएमसी के खर्चों में कथित अनियमितता की जांच के लिए एक एसआईटी का गठन किया है। संयुक्त पुलिस आयुक्त और दो वरिष्ठ अधिकारी इस जांच दल का नेतृत्व करेंगे। महाराष्ट्र सरकार ने यह कदम नियंत्रण एवं लेखा परीक्षाक (कैग) के संकेत देने के बाद उठाया है, जिसमें नवंबर 2019 से अक्तूबर 2022 के दौरान बीएमसी की ओर से किए गए खर्च में 12,024 करोड़ रुपये की अनियमितता की बात कही गई थी। भाजपा विधायक अमित साटम ने भी मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे से इस बारे में औपचारिक शिकायत की थी और जांच के लिए एसआईटी गठित करने की मांग की थी। इससे पहले इस साल मार्च में उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने विधानसभा के पटल पर कैग की रिपोर्ट को रखा था। कैग की रिपोर्ट में कई अनियमितताओं का जिक्र किया गया था। इसके बाद फडणवीस ने रिपोर्ट के कुछ बिंदुओं को सदन में रखा था। उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने सोमवार को शिवसेना के स्थापना दिवस पर मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को शुभकामनाएं दी। उन्होंने ठाणे जिले के कल्याण में भाजपा की जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा और मोदी के नाम पर वोट लेने के बाद सबसे पहले उद्धव ने गद्दारी की। इसलिए उन्हें शिंदे गुट के विधायकों को गद्दार कहने का कोई अधिकार नहीं है। उद्धव को हमेशा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह का भय लगा रहता है। उन्हें कोरोना काल में हुए 12000 करोड़ के घोटाले का हिसाब देना पड़ेगा।

# निर्मल नगर पुलिस स्टेशन अन्तर्गत खुला मटका जुगार अड्डा !

**खार पूर्व,** राज्य में तो भ्रष्टाचार चरम पर है, यहां का शासन प्रशासन इतना करप्ट है कि मौत के सौदागरों से भी हप्ता लेकर आम जनता के जीवन से खिलवाड़ करती है। महाराष्ट्र सरकार द्वारा राज्य में झटपट लाटरी, मटका जुगार व अवैध ड्रग्स कारोबार पर रोक लगा रखी है, परंतु शासन प्रशासन के आंख के नीचे अवैध कारोबारी एवं जुगार माफिया सक्रिय हैं, वही द रेड स्टार न्यूज़ पेपर द्वारा बार बार खबर प्रकाशित करने के बावजूद लगता है कि महाराष्ट्र सरकार और मुंबई पुलिस तथा संबंधित अधिकारी जुगार माफियाओ के आगे नतमस्तक हो गये है। महाराष्ट्र के हर जिले व शहर में मटका जुगार व अवैध कारोबार का ही बोलबाला है। यहाँ बताते चले कि अवैध कारोबारियों एवं जुगार माफियाओ की इतनी हिम्मत बढ़ गई है कि वो लोगों की जिंदगियों से भी खिलवाड़ करने में नहीं हिचकते ? महाराष्ट्र के गृहमंत्री देवेंद्र फडणवीस चाहे जितना भी भ्रष्टाचार पर भाषण देते रहे परंतु इनके भाषण पर प्रशानिक अधिकारियों को कोई फर्क नहीं पड़ता। जहां प्रदेश के हर कोने में अवैध धंधे व जुगार माफियाओं की भरमार है, इसी तरह स्थानीय रहिवाशियो द्वारा खबर मिली है कि परिमंडल 08 के निर्मल नगर पुलिस स्टेशन परिक्षेत्र के अलग अलग परिसर में सुरेश पालखी द्वारा खार रेलवे ब्रिज के सामने की गली में, विठ्ठल अन्ना द्वारा बहराम पाइप लाइन के अन्दर सीबू बार के पिछे एवं उमेश अन्ना द्वारा स्थानीय पुलिस स्टेशन से कुछ मीटर की दुरी पर मच्छी मार्किट के पास मटका जुगार बोंल-गेम, शोरट, तितली-कबूतर, जन्ना-मन्ना, चक्री, अन्दर बाहर, गुड़-गुड़ी, पताड़ा, मेंन स्टार-लाइन एवं 20-25 राइटरों के माध्यम से बड़े पैमाने पर जुगार का व्यवसाय स्थानीय गुंडों, मवालियों व शराबियो के जमावड़ो को साथ लेकर वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को गुमराह करके देर रात तक जुगार चलाया जा रहा है? उक्त मामले में स्थानीय रहिवाशियो व शिकायतकर्ताओं ने शासन प्रशासन से गुहार लगाई है कि जुगार के उक्त रैकेट को वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के मार्गदर्शन में साइबर सेल व क्राइम ब्रांच से संयुक्त जाँच कराकर एवं जुगार चलाने वाले सभी जुगार माफियाओं को तड़ीपार कर क्षेत्र में अमन शांति कायम करने में समाजसेवी संस्थाओं एवं रहिवासियों की मदत करें ..



विवेक फणसळकर : आयुक्त-मुंबई पुलिस

**जुगार माफियाओं से साँठ गाँठ करके मुख्यमंत्री व वरिष्ठ अधिकारियों के आदेश को कूड़ेदान में डालती निर्मल नगर पुलिस ?**

# 134 यात्रियों को लेकर माजुली जा रही नौका लापता



**गुवाहाटी,** ताजा रिपोर्ट्स के मुताबिक, जोरहाट के निमाती घाट से दोपहर 1:30 बजे रवाना हुई नौका में 134 यात्री और 32 मोटरसाइकिलें भी सवार थीं। आशंका जताई जा रही है कि घने कोहरे और तेज बहाव के कारण नौका रास्ता भटक गई होगी. पिछले कुछ दिनों से लगातार हो रही बारिश के चलते असम की नदियां उफान पर हैं। इस बीच असम के जोरहाट से माजुली जा रही एक नौका के लापता होने की सूचना मिली है। फेरी में 234 लोग सवार थे। माजुली के रास्ते में फेरी, एमवी लोहित अपने समय पर थी, लेकिन उसका संपर्क टूट गया है। यह जोरहाट के निमाती घाट से कमलाबाड़ी, माजुली की ओर जा रही थी। ताजा रिपोर्ट्स के मुताबिक, जोरहाट के निमाती घाट से दोपहर 1:30 बजे रवाना हुई नौका में 134 यात्री और 32 मोटरसाइकिलें भी सवार थीं। आशंका जताई जा रही है कि घने कोहरे और तेज बहाव के कारण नौका रास्ता भटक गई होगी। लापता नौका का पता लगाने के लिए एक टीम का गठन किया गया है।

# महीने के अंत तक पूरे देश में सक्रिय होगा मानसून



**नई दिल्ली।** पश्चिम में चक्रवात के धीरे-धीरे क्षीण पड़ते जाने के साथ ही पूर्व में मानसून की सक्रियता बढ़ने लगी है। हीट वेब (लू) से बेदम बिहार एवं पूर्वी यूपी के जिलों को एक-दो दिनों में ही राहत मिल सकती है। राजस्थान के कोटा एवं मध्य प्रदेश के ग्वालियर संभाग के आसपास निम्न दाब का क्षेत्र बनने से बंगाल की खाड़ी की नम हवा को रास्ता मिलने लगा है। मौसम विभाग का कहना है कि 26 जून तक पूरे यूपी एवं मध्य प्रदेश तथा इस महीने के अंत तक पूरे देश में मानसून सक्रिय हो जाएगा। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक अरब सागर के चक्रवात से गुजरात एवं राजस्थान में अभी तबाही की वर्षा जरूर हो रही है, किंतु यह अलनीनो के असर को भी हल्का कर रहा है।

निजी एजेंसी स्काइमेट प्रवक्ता महेश पलावत का कहना है कि चक्रवात वाली हवा अभी पर्याप्त मात्रा में नमी लेकर ग्वालियर संभाग की ओर बढ़ रही है। दो दिनों में राजस्थान से वर्षा की स्थितियां मप्र में शिफ्ट कर जाएंगी। इसके बाद लखनऊ एवं कानपुर के आसपास निम्न दाब का क्षेत्र बनेगा, जो हवा को अपनी ओर खींचेगा। इससे मानसून को संबल मिलेगा और अगले तीन से चार दिनों में मप्र के साथ यूपी के कई क्षेत्रों में भी भारी वर्षा होगी। मौसम विज्ञानियों का अनुमान है कि अगले आठ दिनों के भीतर यूपी के सभी हिस्सों तक मानसून पहुंच जाएगा। इस बीच बंगाल की खाड़ी से नमी युक्त हवाएं आती रहेंगी। अरब सागर से भी नमी वाली हवा आगे बढ़ेगी। दोनों तरफ की हवाओं से पूरे देश में महीने भर तक भरपूर वर्षा होगी। सिर्फ गुजरात और राजस्थान का वह क्षेत्र कुछ दिनों तक सूखा रह सकता है, जहां आज चक्रवात के चलते भारी बारिश से तबाही की स्थिति है। हालांकि वहां भी लगभग हफ्ते भर के विराम के बाद वर्षा की स्थितियां बन जाएंगी। देश की दो दिशाओं में मौसम की दो दशाएं चल रही हैं। पश्चिम में घनघोर वर्षा है तो पूर्व में हीट वेब का कहर। किंतु अच्छा संकेत है कि लू से विचलित बिहार एवं पूर्वी यूपी के लोगों को एक-दो दिनों में ही राहत मिल जाएगी। आइएमडी का कहना है कि पूर्वी यूपी से लेकर बिहार, उत्तरी आंध्र प्रदेश एवं तेलंगाना तक के लंबे क्षेत्र में सात-आठ दिनों से हीट वेब की स्थितियां बनी हुई हैं। यहां औसतन पांच से दस डिग्री तक सामान्य से ज्यादा तापमान है।

# सत्ता में वापसी को लेकर सीएम केसीआर आश्वस्त



**हैदराबाद,** तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव साल के अंत में होने वाले विधानसभा चुनावों में सत्ता में वापसी को लेकर आश्वस्त नजर आ रहे हैं। सीएम ने सोमवार को रैली को संबोधित करते हुए कहा कि उनकी सरकार राज्य में विकास की योजनाओं को जारी रखेगी। तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव साल के अंत में होने वाले विधानसभा चुनावों में सत्ता में वापसी को लेकर आश्वस्त नजर आ रहे हैं। सीएम ने सोमवार को रैली को संबोधित करते हुए कहा कि उनकी सरकार राज्य में विकास की योजनाओं को जारी रखेगी। सत्ता वापसी को लेकर आश्वस्त नजर आ रहे केसीआर ने कहा कि मुझे राज्य में भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के फिर से सत्ता में आने पर कोई संदेह नहीं है। उन्होंने राज्य गठन दिवस के दशकीय समारोह के हिस्से के रूप में 'हरितोत्सवम' के अवसर पर एक जनसभा को संबोधित करते हुए यह बात कही। रंगा रेड्डी जिले के के तुम्मालुरू में 'हरितोत्सवम' समारोह के तहत पौधा लगाने वाले मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार के हरित अभियान 'हरिता हरम' (हरित आभूषण) के कार्यान्वयन के साथ तेलंगाना में हरियाली में लगभग 7.7 फीसदी की वृद्धि हुई है। राज्य में हरियाली को बढ़ाने के अपने संकल्प को प्रदर्शित करते हुए उन्होंने कहा कि तेलंगाना में हम पहले ही 276 करोड़ पौधे लगा चुके हैं, इसलिए जहां भी देखते हैं वहां हरियाली दिखाई देती है। हमने हर गांव में एक नर्सरी बनाई है, हर गांव में एक पल्ले प्रकृति वनम है जिसमें बच्चों के लिए ओपन जिम है। उन्होंने कहा कि बढ़ी हुई हरियाली सामूहिक प्रयास का नतीजा है। सीएम ने आरोप लगाया कि सिंचाई परियोजना में देरी के लिए कांग्रेस नेता जिम्मेदार हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेताओं के सुप्रीम कोर्ट जाने के कारण राज्य में पलामुरु लिफ्ट सिंचाई परियोजना में देरी हुई। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि इब्राहिमपटनम, महेश्वरम और विकाराबाद विधानसभा क्षेत्रों को जल्द ही पानी मिल जाएगा। कृषि के क्षेत्र में राज्य के काफी प्रगति की है। सीएम ने कहा कि अलग राज्य के आंदोलन के दौरान तेलंगाना का उपहास करने वाले यह कहते थे कि उसे खेती करना नहीं आता है। अब वे सातवें स्थान पर हैं जबकि तेलंगाना देश में शीर्ष पर है।

# काला जादू करने के आरोप में जमकर की दंपति की पिटाई

**संगारेड्डी,** तेलंगाना में एक व्यक्ति और उसकी पत्नी को कथित तौर पर काला जादू करने का आरोप लगाते हुए पेड़ से बांधकर पीटा गया। स्थानीय ग्रामीणों द्वारा दंपति को पेड़ से बांधे जाने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर नजर आया। इसके बाद पुलिस ने जांच शुरू की। कथित तौर पर यह घटना सदाशिवपेट पुलिस थाना क्षेत्र के कोलकुरु गांव में दो दिन पहले हुई। पुलिस के अनुसार स्थानीय लोगों ने यादैया और उसकी पत्नी श्यामम्मा पर काला जादू करने का आरोप लगाया। ग्रामीणों का एक समूह उनके घर में घुस गया और उन्हें घसीटते हुए गांव में एक स्थान पर ले जाया गया। बाद में उन्हें एक पेड़ से बांधकर पीटा गया। श्यामम्मा और यादैया के रूप में पहचाने जाने वाले जोड़े को एक पेड़ से बांध दिया गया और ग्रामीणों ने पीटा। घटना की जानकारी होने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने उन्हें छुड़ाया। दंपति को मामूली चोटें आईं और उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया। पुलिस के मुताबिक ग्रामीणों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है। घटना के बाद मामला दर्ज कर लिया गया है।

# शादी के बाद शारीरिक संबंध न बनाना क्रूरता नहीं

**बेंगलुरु,** IPC की धारा 498के तहत शादी के बाद शारीरिक संबंध नहीं बनाना क्रूरता नहीं मना जाएगा कर्नाटक हाई कोर्ट ने शादी के बाद शारीरिक संबंध नहीं बनाने को लेकर यह फैसला सुनाया है। एक पत्नी ने अपने पति पर आरोप लगया है कि उसने आध्यात्मिक वीडियो देखने के कारण शादी के बाद शारीरिक संबंध नहीं बनाया और इस तरह यह क्रूरता की श्रेणी में आता है। जस्टिस एम नागप्रसन्ना की एकल पीठ ने पति और उसके माता-पिता द्वारा दायर याचिका स्वीकार कर ली और शादी के 28 दिन बाद पत्नी द्वारा उनके खिलाफ दर्ज की गई कार्यवाही रद्द कर दी। कोर्ट ने पति द्वारा याचिका पर फैसला सुनाते हुए कहा कि याचिकाकर्ता का एकमात्र आरोप यह है कि वह ब्रह्माकुमारी का अनुयायी है, हमेशा बहन शिवानी ब्रह्माकुमारी के वीडियो देखता रहा है। उसे इन वीडियो से काफी प्रेरणा मिलती है। इसी को देखते हुए उसने कभी भी अपनी पत्नी के साथ शारीरिक संबंध बनाने का इरादा नहीं किया। यह निस्संदेह हिंदू विवाह अधिनियम की धारा 12(1) (ए) के तहत विवाह बाद संबंध न बनाना क्रूरता के समान होगी,न कि यह वह क्रूरता होगी जैसा कि आईपीसी की धारा 498 ए के तहत परिभाषित की गई है। बता दें कि दंपत्ति की शादी दिसंबर 2019 में हुई थी और विवाह के कुछ दिनों बाद ही दोनों के बीच झगड़े शुरु हो गए थे। शिकायतकर्ता पत्नी ने आईपीसी की धारा 498ए के तहत अपराध और हिंदू विवाह अधिनियम, 1955 की धारा 12(1) (ए) के तहत शादी को रद्द करने की मांग करते हुए आपराधिक दर्ज की थी।

# कॉर्डेलिया क्रूज ड्रग मामले में सीबीआई की सैम डिसूजा से पूछताछ




**नई दिल्ली,** सीबीआई ने अभिनेता शाहरुख खान से उनके बेटे आर्यन खान को 2021 कोर्डेलिया क्रूज ड्रग भंडाफोड़ मामले में कथित रूप से 25 करोड़ रुपये की रिश्वत मांगने के सिलसिले में मंगलवार को सैनविले उर्फ सैम डिसूजा से पूछताछ की। अधिकारियों ने इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि एजेंसी ने पिछले सप्ताह डिसूजा को दिल्ली कार्यालय में पूछताछ के लिए पेश होने के लिए तीसरा नोटिस दिया था। सीबीआई द्वारा 12 मई को दर्ज किए गए मामले में उनसे अभी तक केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा पूछताछ नहीं की गई है। सीबीआई की प्राथमिकी में डिसूजा को आरोपी नंबर 5 के रूप में सूचीबद्ध किया गया है। डिसूजा के वकील पंकज जाधव ने न्यूज एजेंसी पीटीआई को फोन पर बताया सीबीआई ने उन्हें पूछताछ के लिए पेश होने के लिए 16 जून को नोटिस जारी किया। वह 20 जून को दिल्ली में अधिकारी के समक्ष पेश होंगे। मुंबई में विशेष सीबीआई अदालत के समक्ष अग्रिम जमानत की मांग करने वाली उनकी याचिका खारिज कर दी गई थी। मुंबई में विशेष सीबीआई अदालत के समक्ष अग्रिम जमानत की मांग करने वाली उनकी याचिका खारिज कर दी गई थी। मामले के मुख्य आरोपी नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के पूर्व जोनल डायरेक्टर समीर वानखेड़े को बॉम्बे हाई कोर्ट ने 23 जून तक के लिए अंतरिम संरक्षण प्रदान किया है। सीबीआई ने आरोप लगाया है कि डिसूजा ने मामले में आर्यन की मदद करने के लिए शाहरुख के प्रबंधक और गवाह केपी गोसावी के बीच एक सौदा किया था। कोर्डेलिया क्रूज जहाज पर एनसीबी की छापेमारी के एक दिन बाद 3 अक्टूबर, 2021 को आर्यन खान को एनसीबी ने गिरफ्तार किया था। उन्हें 25 दिन जेल में बिताने के बाद 28 अक्टूबर, 2021 को बॉम्बे हाई कोर्ट ने जमानत दे दी थी।

# बाढ़ से 30 हजार से अधिक लोग प्रभावित



**गुवाहाटी,** मंगलवार को असम में बाढ़ की स्थिति बेहद गंभीर रही, जिसमें 10 जिलों के लगभग 31,000 लोगों को प्रभावित किया। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने राज्य में 'रेड अलर्ट' जारी किया है और अगले पांच दिनों में असम के कई जिलों में बहुत भारी बारिश की चेतावनी दी है। गुवाहाटी में आईएमडी के क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र (आरएमसी) ने एक 'विशेष मौसम बुलेटिन' में सोमवार से 24 घंटे के लिए रेड अलर्ट जारी किया, इसके बाद अगले दो दिनों के लिए ऑरेंज अलर्ट और गुरुवार के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है। रेड अलर्ट का अर्थ है तत्काल कार्रवाई की जानी चाहिए, जबकि ऑरेंज अलर्ट का मतलब होता है कि कार्रवाई के लिए तैयार रहें और येलो अलर्ट का तब जारी किया जाता है, जब लोगों को हर पल अपडेट रहने के लिए कहा गया हो। असम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की दैनिक बाढ़ रिपोर्ट के मुताबिक, चिरांग, डारंग, धेमाजी, धुबरी, डिब्रूगढ़, कोकराझार, लखीमपुर, नलबाड़ी, सोनितपुर और उदलगुरी जिलों में बाढ़ के कारण 30,700 से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं। इसमें कहा गया है कि लखीमपुर जिला 22,000 से अधिक लोगों के साथ सबसे ज्यादा प्रभावित हुआ है, इसके बाद डिब्रूगढ़ में 3,800 से अधिक लोग और कोकराझार में लगभग 1,800 लोग प्रभावित हुए हैं। प्रशासन ने सात जिलों में 25 राहत वितरण केंद्र शुरू कर दिया है, हालांकि, अभी तक कोई राहत शिविर नहीं चला है। एएसडीएमए ने कहा कि वर्तमान में, 444 गांव पानी के अंदर हैं और पूरे असम में 4,741.23 हेक्टेयर फसल क्षेत्र क्षतिग्रस्त हो गई है। एएसडीएमए ने कहा कि बिश्वनाथ, धुबरी, डिब्रूगढ़, गोलाघाट, कामरूप, करीमगंज, कोकराझार, लखीमपुर, माजुली, मोरीगांव, नागांव, नलबाड़ी, शिवसागर, सोनितपुर, दक्षिण सलमारा, तमुलपुर और उदलगुरी में भारी बारिश के कारण बड़े पैमाने पर कटाव देखा गया है। दीमा हसाओ, कामरूप मेट्रोपॉलिटन और करीमगंज में भारी वर्षा के कारण भूस्खलन की जानकारी मिली है। सोनितपुर, नागांव, नलबाड़ी, बक्सा, चिरांग, दरांग, धेमाजी, गोलपारा, गोलाघाट, कामरूप, कोकराझार, लखीमपुर, डिब्रूगढ़, करीमगंज और उदलगुरी में बाढ़ के पानी से तटबंध, सड़कें, पुल और अन्य बुनियादी ढांचे भी काफी क्षतिग्रस्त हो गए हैं। बाढ़ ने कछार, दारंग, जोरहाट, कामरूप मेट्रोपॉलिटन, कोकराझार और नलबाड़ी जिलों में कई स्थानों पर पानी भर दिया।

# अमेरिकी कांग्रेस को करेंगे संबोधित मोदी

**नई दिल्ली,** प्रधानमंत्री मोदी मंगलवार को अपने चार दिवसीय अमेरिकी यात्रा के लिए रवाना हुए। पीएम मोदी 21 जून से 24 जून तक अमेरिका दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वह योग दिवस समारोह अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के साथ डिनर सहित कई कार्यक्रमों में शिरकत करेंगे। पीएम मोदी की ये यात्रा ऐतिहासिक और कई मायनों में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। अमेरिका रवाना होने से पहले पीएम ने कहा कि इस यात्रा से भारत-अमेरिका के रिश्तों को मजबूती मिलेगी। साथ ही भारत और अमेरिका के बीच रक्षा क्षेत्र में बड़ी डील पक्की होने वाली है। इस यात्रा के दौरान पीएम के नाम कई शानदार रिकॉर्ड जुड़ेंगे। प्रधानमंत्री मोदी पहली की ये पहली अमेरिकी राजकीय यात्रा होगी। हालांकि वह अपने कार्यकाल में इससे पहले पांच बार अमेरिका की यात्रा कर चुके हैं। यह उनकी छठी अमेरिकी यात्रा होगी। पीएम मोदी से पहले सिर्फ दो भारतीय नेता अमेरिका की राजकीय यात्रा पर गए हैं। उनसे पहले 1963 में पूर्व राष्ट्रपति सर्वपल्ली राधाकृष्नन और 2009 में पूर्व पीएम मनमोहन सिंह अमेरिकी राजकीय यात्रा पर जा चुके हैं। पीएम मोदी और पूर्व पीएम मनमोहन सिंह के अलावा आठ भारतीय प्रधानमंत्रियों ने अमेरिका की यात्रा की है।

# मीरा भायंदर महानगर पालिका आयुक्त एवं भ्रष्ट अधिकारी साबित हो रहे गाँधी के तीन बन्दर!

## नमक की सरकारी जमीन हड़पने वाले इरफान पठान पर एमआरटीपी के तहत गुना दाखल करें ?



भूमाफिया इरफान पठान

**भायंदर पश्चिम,** गणेश देवल नगर शिमला गली के अंतिम छोर पर इरफान पठान ने नमक की जगह को कब्जा करके अवैध रूम बनाई जिसे 2 बार तोड़ा गया फिर तीसरी बार बनाकर खड़ी की गई रूम की शिकायत कई लोगों ने की नमक विभाग के वरिष्ठ अधिकारी ने आयुक्त को रूम तोड़ने के लिए पत्र लिखा और एमआरटीपी के तहत गुनाह दाखल करने के लिए प्रभाग अधिकारी को भी पत्र लिखा है शीघ्र ही सरकारी जमीन हड़पने वाला इरफान पठान पर एमआरटीपी गुना दाखल होगा. गणेश देवल नगर की जनता इरफान पठान पर कार्रवाई शीघ्र हो देखना चाहती है, मीरा भाईंदर महानगरपालिका के आयुक्त दिलीप ढोले द्वारा आदेशित एमआरटीपी के तहत कार्रवाई के लिए सबंधित अधिकारी को देंगे ऐसी चर्चा जनता में जोरों पर है.

## भूमाफिया व ठेकेदार एवं पूर्व नगरसेवक द्वारा रिपेयरिंग अनुमति पर पक्की दिवाल व कंक्रीट सीमेंट से स्लेब का अवैध निर्माण करने पर पत्रकारो व समजसेवको द्वारा शिकायत के बाद भी नही रेंगता भृष्ट प्रभाग अधिकारी?

### पुर्व मे दो बार तोड़क कार्यवाई के बाद प्रभाग मनपा अधिकारी ने पत्रे वाली बाउंड्री वाल को रिपेयरिंग अनुमति कैसे दी?

### अवैध निर्माण को संरक्षणकर्ता भ्रष्ट रिश्वतखोर मीरा भायंदर मनपा अधिकारी स्वप्निल सावंत



**मीरा रोड पूर्व।** पश्चिमी उपनगर में खाली पड़े जमीनों को हड़पने के लिए अब भू-माफिया नये नये हथकंडे अपनाने लगे हैं। इन भू-माफियाओं की नजर अब उन खाली पड़े जमीनों पर है, जहां अब वे फर्जी कागजात बनवाकर स्वयंभू घोषित कर उक्त जमीनों को हड़पने में लगे हैं। इसी तरह का एक मामला मीरा रोड पूर्व प्लेटफार्म नंबर 04 पर दक्षिण साइड मे मीरा भायंदर नगर पालिका द्वारा संचालित सुलभ शौचालय के सामने रेलवे की जमीन को फ़र्ज़ी कागजात बनाकर भूमाफिया व पूर्व नगरसेवक द्वारा Gr.+01 के दर्ज़न भर गाले का अवैध निर्माण मिलावटी भवन सामग्री के साथ बड़े पैमाने पर किया जा रहा है। जो कि भविष्य में कभी भी धोखा दायक साबित हो सकता है, ज्ञात हो कि मीरा भायंदर मनपा प्रभाग 05 के अलावा भी सभी प्रभागो में अवैध निर्माण की सुनामी आ गयी है.? और भूमाफिया शासन प्रशासन को खुलेआम चुनौती देते हुए अवैध निर्माण को अंजाम दे रहे हैं, सच तो यह है कि भृष्ठ प्रभाग अधिकारियों एवं एवं मनपा अभियंता ही भूमाफियाओं से मिलकर अवैध बांधकाम की ठेकेदारी करातें है? लेकिन भृष्ट अधिकारियों के आशीर्वाद से अवैध निर्माण के ठेकेदार हर गली में है? वही अपने आप को ईमानदार बताने वाले भृष्ठ प्रभाग अधिकारी स्वप्निल सावंत एक इतिहास भी भृष्टाचार मे संलिप्तता दर्शाता है। क्योंकि पत्रकारो व समाजसेवको की शिकायतो के बावजूद भी अतिक्रमण हटाने में कितनी दिलचस्पी दिखाई नहीं पड़ती। वही एक कहावत जैसी है गांधी के तीन बंदर - न देखने वाला, न सुनने वाला, न बोलने वाला चरितात्रार्थ होने वाले मनपा आयुक्त जी जरा आँख खोलिये और देखिये आपके प्रभाग आधिकारी क्या कर रहे है? अभी वक्त है.? अब देखना है कि खबर छपने के बाद मनपा आयुक्त दिलीप धोले, उपायुक्त अतिक्रमण व निष्कासन, प्रभाग आधिकारी या अभियंता अतिक्रमण विभाग या कागजी घोड़ा दौड़ाने वाला भृष्ट अभियंता द्वारा भ्रष्ठ ठेकेदार व पूर्व नगरसेवक पर क्या कार्रवाई करता हैं? या इसको भी न्यायालय का स्थगन आदेश आने तक भष्मासुर बनकर भ्रष्टाचार करता है.?

## जय अंबे नगर में मन्नान बेकरी के सामने भूमाफिया अशोक ठाकुर द्वारा पर किया गया अवैध निर्माण!



**भायंदर पश्चिम,** जय अंबे नगर-1 प्रभाग क्रमाक-2 में बेकरी के सामने कलेक्टर लैंड पर भूमाफिया एवं ठेकेदार अशोक ठाकुर द्वारा दर्जनों दो मंजिला का अवैध निर्माण किया गया. जिसकी शिकायत संबंधित प्रभाग अधिकारी संजय दोंदे को दी गयी थी. ज्ञात हो कि उक्त जय अंबे नगर कलेक्टर की जमीन के अधीन है. फिर भी कलेक्टर लैंड पर कई हजार फुट का अवैध निर्माण मन्नान की बेकरी के रूप में की गयी. मगर मनपा अधिकारी द्वारा ढाक के तीन पात की तरह जस के तस कुंभकर्णी नींद में सोये हुए हैं. मीरा भायंदर मनपा आयुक्त से स्थानीय जनता आशा करती है कि उक्त अवैध दो मंजिला इमारत का अवैध निर्माण हटाकर कलेक्टर लैंड को खाली कराकर भूमाफिया पर एमआरटीपी एक्ट के तहत कानूनी कार्रवाई की जाये. क्योंकि जिस तरह का घटिया किस्म का मटेरियल से उक्त अवैध निर्माण किया गया है यह कभी भी धोखादायक साबित हो सकती है, स्थानीय जनता द्वारा अपने निवेदन में पत्रकार को बताया कि उक्त अवैध निर्माण पर जल्द से जल्द तोड़क कार्रवाई की जाये अन्यथा स्थानीय जनता तीव्र आंदोलन करेगी और इसकी जिम्मेदार मनपा आयुक्त और मनपा अधिकारी होंगे.





पढ़ें अगले अंक में
प्रभाग क्रमांक-3 शिवशक्ति नगर में भूमाफिया एवं ठेकेदार राजा ठाकुर द्वारा दर्जनों अवैध निर्माण की दास्तान. अवैध निर्माण का कौन है संरक्षक ?
भ्रष्ट मनपा अभियंता योगेश क्यों बचा रहा है अवैध निर्माण ?

## जय अंबे नगर में मन्नान बेकरी का हुआ अवैध निर्माण!

भायंदर पश्चिम, जय अंबे नगर-1 प्रभाग क्रमाक-2 में बेकरी का अवैध निर्माण भूमाफिया एवं ठेकेदार राधेश्याम चौरसिया द्वारा किया गया जिसकी शिकायत संबंधित प्रभाग अधिकारी संजय दोंदे को दी गयी थी. ज्ञात हो कि उक्त जय अंबे नगर कलेक्टर की जमीन के अधीन है. फिर भी कलेक्टर लैंड पर कई हजार फुट का अवैध निर्माण मन्नान की बेकरी के रूप में की गयी. मगर मनपा अधिकारी द्वारा ढाक के तीन पात की तरह जस के तस कुंभकर्णी नींद में सोये हुए हैं. मीरा भायंदर मनपा आयुक्त से स्थानीय जनता आशा करती है कि उक्त अवैध बेकरी का अवैध निर्माण हटाकर कलेक्टर लैंड को खाली कराकर होने वाले प्रदूषण को रोका जाय एवं भूमाफिया और बेकरी मालिक पर एमआरटीपी एक्ट के तहत कानूनी कार्रवाई की जाये.



मन्नान बेकरी में अवैध निर्माण के शुरूआत की फोटो



मन्नान बेकरी के अवैध निर्माण के अंदर की फोटो